राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 103 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर संसद भवन परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केजरीवाल तक पहुंची शराब घोटाले की जांच

## शराब नीति केस में 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया; आप बोली- सीएम को जेल में डालने की साजिश, केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने 16 अप्रैल सुबह 11 बजे बुलाया है। जानकारी सामने आ रही है कि केजरीवाल से भी दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले को लेकर सवाल जवाब करेगी। अब यह बात भी सामने आ रही है कि केजरीवाल सीबीआई मुख्यालय जाएंगे और जांच में शामिल होंगे। सीबीआई द्वारा केजरीवाल को पूछताछ के नोटिस भेजे जाने पर आम आदमी पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया देते हुए सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर लिखा, अत्याचार का अंत जरूर होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था



### आबकारी घोटाला

= मैंने अरविंद केजरीवाल से पहले ही कह दिया था कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है : संजय सिंह

कि जेल जाने का अगला नंबर आपका है। ये लोग (बीजेपी) मोदी जी का भ्रष्टाचार छिपाने के लिए कुछ भी करेंगे और आज सीबीआई का समन आ गया।

### केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई: सांसद संजय सिंह

**संजय** सिंह ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि आपने देश का पैसा अपने दोस्त (अडानी) के बिजनेस को बढ़ाने के लिए लगाया है। केजरीवाल के खिलाफ साजिश रची गई। लेकिन इस साजिश के खिलाफ केजरीवाल की लड़ाई रुकेगी नहीं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है। जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है। आपने अपने दोस्त के साथ मिलकर लाखों करोड़ों का घोटाला किया। उसे दबाने के लिए ये गिरफ्तारी की साजिश रच रहे हैं। केजरीवाल पहले भी आपसे लड़ते रहे हैं और आगे भी आपसे लड़ते रहेंगे। आगे भी भ्रष्टाचार के खिलाफ ये मुहिम जारी रहेगी।

### सिसोदिया पहले से ही सीबीआई ईडी की हिरासत में

**दिल्ली** के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया इसी मामले में ईडी की हिरासत में हैं। उन्हें 26 फरवरी को सीबीआई ने 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 7 दिन की सीबीआई रिमांड के बाद कोर्ट ने 6 मार्च को सिसोदिया को 20 मार्च (14 दिन) की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा था। यहां ईडी ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम से शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ की थी, जेल से ही एजेंसी ने सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल मनीष सिसोदिया ईडी की कस्टडी में हैं। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सिसोदिया की कस्टडी 17 अप्रैल तक बढ़ा दी थी। सिसोदिया की जमानत पर कोर्ट 18 अप्रैल को सुनवाई करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईडी की टीम इस मामले में गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों के साथ तिहाड़ पहुंची थी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम थमने वाली नहीं: सिंह

**केजरीवाल** ने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री और उनके दोस्त के बारे में पैसे को लेकर जो बात सामने रखी थी, उसी के चलते यह नोटिस केजरीवाल को आया है।
**सिसोदिया पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार**
दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने 26 फरवरी को आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। वह सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इसके अलावा ईडी के मनी लांड्रिंग मामले में भी न्यायिक हिरासत में हैं। आपने जो लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला किया है उसके बारे में देश के हर कोने में जाकर बताना जरूरी है। जिस केजरीवाल ने दिल्ली को स्वच्छ पानी, मुफ्त बिजली और बेहतर शिक्षा दी। भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी मुहिम थमने वाली नहीं है।

## मेरी भी हत्या की जा सकती है: चन्नी



**टीम एक्शन इंडियाचंडीगढ़**
**पंजाब** के पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर आरोप लगाया कि वे मेरी हत्या करवा सकते हैं। चन्नी से आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस को पूछताछ करनी है। चंडीगढ़ स्थित पंजाब कला भवन में चरणजीत चन्नी ने कहा, 'विजिलेंस ने जांच में शामिल होने के लिए पहले 12 अप्रैल को बुलाया था। मैंने उन्हें कहा कि मैं बिजी होने की वजह से नहीं आ सकता।'
चन्नी बोले- तैयार हूं, अकेले विजिलेंस दफ्तर जाऊंगा: चन्नी बोले, 'विजिलेंस ने फिर मुझे 20 अप्रैल को बुलाया था।

## जी-20 देशों ने भारत के प्रस्तावों का समर्थन किया: वित्त मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**
जी-20 समूह के सदस्य देशों ने भारत के अनेक प्रस्तावों का समर्थन किया है। इस पर सक्रिय बातचीत हो रही है। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने जी-20 देशों के अपने अनेक समकक्षों के साथ सिलसिलेवार मुलाकात के बाद यह बात कही। सीतारमण ने गुरुवार को वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक समूह की 2023 स्प्रिंग बैठकों से इतर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जी-20 देशों के समकक्षों के साथ मुलाकात बेहतर रही। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारत के ज्यादातर प्रस्तावों को अच्छा समर्थन मिला है। इसको लेकर सक्रिय जुड़ाव हो रहा है।
वित्तमंत्री ने कहा कि भारत को दिसंबर में जी-20 की अध्यक्षता मिली थी।

## देश में 220 किमी की स्पीड से दौड़ेगी ट्रेनें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** में हाई-स्पीड ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए इंडियन रेलवे हाई-स्पीड टेस्ट ट्रैक डेवलप रहा है। इस ट्रैक पर 220 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलने वाली ट्रेनों की टेस्टिंग की जाएगी। रेलवे 59 किलोमीटर का यह टेस्टिंग ट्रैक राजस्थान के जोधपुर मंडल में गुढा-थथाना मीठड़ी के बीच तैयार कर रहा है, जो जयपुर से लगभग 70 किलोमीटर दूर है। आने वाले सालों में इस ट्रैक पर वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ अन्य हाई-स्पीड ट्रेनों की टेस्टिंग की जाएगी। रेलवे ने दावा किया है कि इस टेस्ट ट्रैक प्रोजेक्ट के पूरे होने के साथ, भारत दुनिया में ऐसा पहला देश होगा जिसके पास रोलिंग स्टॉक के लिए इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की टेस्टिंग फैसिलिटी होगी।

## कबूलनामा: जेल में बैठकर रची थी साजिश: अतीक



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**उमेश पाल** हत्याकांड में सबसे बड़ा खुलासा अब अतीक अहमद की तरफ से हुआ है। जानकारी के अनुसार पूछताछ में अतीक अहमद ने यह कबूल कर लिया है कि उमेश पाल की हत्या उसी ने करवाई थी। अतीक अहमद ने पुलिसकर्मियों से कहा कि उसने जेल में ही उमेश पाल की हत्या की साजिश रची थी। 28 फरवरी साल 2006 में उमेश पाल का अपहरण हुआ था। इसके एक साल बीतने के बाद उमेश पाल ने धूमनगंज थाने में अपने अपहरण की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। दिलचस्प बात यह है कि उमेश पाल ने यह मुकदमा तब दर्ज कराया जब प्रदेश में बसपा की सरकार आई और मायावती साल 2007 में मुख्यमंत्री बनीं। उमेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अतीक, अशरफ और उनके कई करीबीयों पर केस दर्ज किया था। वहीं पूछताछ के दौरान पुलिस के 200 सवालों के सामने माफिया कभी असहज और कभी उग्र नजर आया। ज्यादातर सवालों का जवाब देने से कतराता रहा। केवल हां, हूं में जवाब देता रहा।

### जुर्म कबूला...

= अतीक ने पुलिस अफसरों से बेटे की तस्वीर दिखाने की भी कहा। हालांकि, पुलिस पूरी तरह पूछताछ पर फोकस रही

## असम को 14300 करोड़ की सौगात, पूर्वोत्तर में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर होगा मजबूत

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम में एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे पूर्वोत्तर में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में पूर्वोत्तर में सामाजिक बुनियादी ढांचे में काफी सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री 3,400



करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व राष्ट्र को समर्पित करने के बाद सार्वजनिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने एम्स गुवाहाटी के नवनिर्मित परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद एक सार्वजनिक समारोह में उन्होंने एम्स गुवाहाटी और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (एएएचआईआई) का शिलान्यास किया और पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित कर- के आपके द्वार आयुष्मानह्व अभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत बिहू पर्व की शुभकामनाएं देते हुए की। उन्होंने कहा कि इस शुभ अवसर पर नॉर्थ-ईस्ट और असम के स्वास्थ्य ढांचे को नई ताकत मिली है।

## रोडवेज बस दुर्घटना में मृत्यु पर अब दो नहीं सात लाख मिलेगा मुआवजा

**देहरादून:** रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर जो भी जनहानि होगी तो मृतक के परिजनों को अब दो लाख नहीं, बल्कि सात लाख रुपये मुआवजा तत्काल दिया जाएगा। इसके लिए मजिस्ट्रेटी जांच के इंतजार का नियम पहले ही खत्म किया जा चुका है। विधानसभा में मीडिया से बातचीत में परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने बताया कि रोडवेज बस का जो भी टिकट कटता है, उसमें यात्री का पांच लाख रुपये का बीमा होता है। अधिकारी इससे अनजान बने हुए थे।

हिमाचल दिवस को लेकर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।




# कोई यूं ही 'नरोत्तम' नही बन जाता...

## साहसिक राजनेता, समर्पित जनसेवक डॉ नरोत्तम मिश्रा



15 अप्रैल जन्मदिन पर विशेष

**बृजेश द्विवेदी**
**भारतीय** जनता पार्टी के कद्दावर नेता ,चतुर व साहसिक राजनेता प्रदेश के गृह मंत्री डॉ .नरोत्तम मिश्रा का 15 अप्रेल को जन्मदिन है। ऐसे बहुत कम लोग होते हैं जो अपने नाम को अपने व्यक्तित्व से सार्थक करते हैं ।लेकिन डॉ नरोत्तम मिश्रा ऐसे ही चुनिंदा बिरले लोगो में शामिल हैं जिन्होंने अपने नाम नरोत्तम यानी जो नरो में उत्तम को पूरी तरह सार्थक किया है।लेकिन जैसा कहा भी जाता है कि कोई यू ही नरोत्तम नही हो जाता है। सच भी है। नरोत्तम बनने के लिए त्याग,परिश्रम,संयम और अनुशासन के कठिन व्रत का पालन करना होता है ,जो सब क्या अधिकांश के लिए संभव नही है। आज डॉ नरोत्तम मिश्रा के जन्मदिन पर उनके व्यक्तिव की उन गहराइयों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे, जिसने उन्हें देश और प्रदेश की राजनीति के चमकते सितारो की कतार में तो खड़ा कर ही दिया साथ ही दुर्लभ साहसिक फैसले लेने वाले दुर्लभ राजनेताओं में भी शामिल करा दिया। डॉ. नरोत्तम मिश्रा का जन्म 15 अप्रैल, 1960 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में हुआ था। स्व. डॉ. शिवदत्त शर्मा के पुत्र डॉ. नरोत्तम मिश्रा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और आकर्षित करने की कला के धनी थे। स्कूली शिक्षा के बाद उन्होंने 1977-78 से जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में छात्र राजनीति से अपनी राजनीति की शुरूआत की। शुरू से ही भाजपा की विचारधारा ने उन्हें प्रभावित किया, इसलिए वह उससे जुड़ गए। वह भाजपा संगठन में कई पदों पर रहे । उनका परिश्रम व सेवा भाव देख पार्टी ने उन्हें वर्ष 1990 में विधायक का टिकट दिया। वह पहली बार में ही विधानसभा पहुँच गए। उसके बाद से आज तक तीन दशकों से अधिक समय से वह लगातार विधायक हैं। पांच बार के मंत्री भी हैं ।वर्तमान में वे प्रदेश सरकार में गृह,जेल , विधि व संसदीय कार्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग कुशलता पूर्वक संभाल रहे है। अब बात करते हैं डॉ मिश्रा के व्यक्तित्व के उन समग्र गुणों की जिन्होंने उन्हें राजनीति का सितारा बनाने के साथ ही लोगों के दिलो में बसा दिया। राजनीति के निपुण योद्धा डॉ नरोत्तम मिश्रा के व्यक्तित्व का सबसे खास पहलू है, कड़े और साहसिक फैसले ।डॉ मिश्रा को जो लोग जानते हैं, उन्हें मालूम है कि वह जनहित व न्याय हित मे जोखिम भरे फैसले लेने से एक पल भी नही हिचकिचाते हैं। लव जिहाद कानून लाने की बात हो या खरगोन में हुए दंगो के बाद कार्यवाही की, डॉ मिश्रा ने आलोचनाओं की परवाह किए बिना कढ़े फैसले लिए। उन्होंने दंगा होने के अगले ही दिन सार्वजनिक कहा था कि जिन दंगाइयों ने पत्थर बाजी की है उनके घर के पत्थर निकाल लिए जायेंगे ।उसके बाद पुलिस ने जो कार्यवाही की वह नजीर बन गयी ।उस फैसले का ही असर है कि आज प्रदेश में दंगाई हाथ में पत्थर उठाने से पहले एक बार सोचते हैं ।हालांकि उन्हें इसके लिए राजनीतिक विरोध झेलना पड़ा ।आलोचना भी हुई। लेकिन वह अपने फैसले से नही डिगे ।यह तो मात्र कुछ उदाहरण हैं। लगातार 6 बार से विधायक व पांच बार से मंत्री पद संभाल रहे डॉ मिश्रा की पहचान ही साहसिक व जोखिम भरे फैसले लेने वाले राजनेता की ही है। वैसे कहते भी है कि सच्चे जनसेवक का एक बड़ा गुण जनहित में खुद का नफा नुकसान देखे बिना साहसिक फैसला लेना भी होता है ।जो यह नहीं कर पाता वो सच्चा जनसेवक भी नहीं हो सकता ।डॉ मिश्रा साहसिक फैसले लेने वाले राजनेता तो है ही , सच्चे व समर्पित जन सेवक भी हैं ।ऐसे कितने राजनेता होंगे जिन्होंने आम आदमी की जान बचाने में अपनी जान की बाजी लगा दी होगी। ऐसे नाम उंगलियों में गिने जा सकते हैं। लेकिन इन दुर्लभ नामो में डॉ मिश्रा का नाम भी आता है ।देश और दुनिया ने देखा है कि अपनी विधानसभा दतिया में आयी भीषण बाढ़ में फसे लोगो को बचाने के लिए डॉ मिश्रा खुद कैसे जान जोखिम में डाल कर बोट लेकर पहुंच गए थे और बोट खराब होने पर जान की बाजी लगाकर कैसे हेलीकाप्टर की मदद से सभी को बचाया था ।ऐसे ही जोखिम में खुद को डाल कर सेवा करते दुनिया ने उन्होंने कोरोना काल मे देखा था ।जब लोग कोरोना की पहली लहर में दहशत में घरों में दुबके थे तब डॉ मिश्रा पीपी किट पहनकर कोरोना मरीजों का हौंसला बढ़ाने पहुंच जाते थे। उनके इलाज की व्यवस्था देखते थे। यह वह समय था जब कोरोना पीड़ितों से उनके परिवार जनों ने भी दहशत के कारण दूरी बना ली थी ।इस प्रकार के और भी कई उदाहरण हैं। डॉ मिश्रा संकट के समय पीड़ितों के साथ खड़े दिखते है ।यही कारण है कि डॉ मिश्रा को लोग दादा के नाम से भी पुकारते है ।वह दादा की भूमिका निभाते भी है ।वह पीड़ितों को हमेशा यह कहकर ढांढस बंधाते है..चिंता मत करना..जान लगा देंगे ओर वह ऐसा ही करते भी है। सेवा व समर्पण का ऐसा भाव आज के समय मे बिरले राजनेताओं में ही देखने में आता है

**साहसिक राजनेता और समर्पित जनसेवक के अलावा**
डॉ. नरोत्तम मिश्रा का एक और प्रभावित करने वाला गुण है अनुशासन का ।हालांकि यह उनका व्यक्तिगत नियम है ।लेकिन उससे सीखा जा सकता है , इसलिए उसकी चर्चा भी जरूरी है। डॉ. मिश्रा के प्रतिदिन की दिनचर्या का समय तय है। कब क्या करना है? वह किसी भी हालत में अपने अनुशासन को भंग नही करते हैं। उनका जीवन इतना अनुशासित है कि समय देखकर उनके जानने वाले लोग बता देते हैं कि दादा इस समय कहां होंगे और क्या कर रहे होंगे। जिस समय पर जो तय है , नरोत्तम जी उस समय वही करेंगे। चाहे परिस्थितियां कुछ भी हो ?
यह अनुशासन ही है जिसने आज भी उन्हें इतना स्वस्थ और ऊर्जावान बना रखा है। अंत मे उनके जन्मदिन पर मेरी यही कामना है कि राजनीति के पुरोधा सच्चे जनसेवक राजनीति में ध्रुव तारे की तरह चमकने वाले डॉ.नरोत्तम मिश्रा शतायु हो , पीतांबरा माई की कृपा उन पर हमेशा इसी तरह बनी रहे।
अपनी बात का विराम में मशहूर कविता की इन पंक्तियों से करना चाहूंगा...

**कर्मवीर के आगे पथ का ,**
**हर पत्थर साधक बनता है।**
**दीवारें भी दिशा बतातीं,**
**जब मानव आगे बढ़ता है।**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# संविधान की रक्षा का संकल्प लेकर कांग्रेस ने बिगुल फूंका

## कांग्रेस पार्टी संविधान को कमजोर नहीं होने देगी न ही राहुल गांधी की आवाज को दबने देगी: भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**8 कुछ ताकतें इस संविधान को कमजोर करना चाहती हैं, अगर देश को मजबूत रखना है तो संविधान को भी मजबूत रखना होगा**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

मौजूदा हालात में आज ये सवाल खड़ा हो गया है कि कुछ ताकतें इस संविधान को कमजोर करना चाहती हैं। भाजपा सरकार ने विपक्ष की आवाज दबाने के लिये राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान को कमजोर नहीं होने देगी न ही राहुल गांधी की आवाज को दबने देगी। संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है सामाजिक और आर्थिक दस्तावेज भी है। अगर देश को मजबूत रखना है तो संविधान को भी मजबूत रखना होगा। हुड्डा ने आवाह्न किया कि आज बाबा साहब की जयंती पर संकल्प लें कि संविधान ने हमें जो अधिकार दिये हैं उनको कमजोर नहीं होने देना है। हुड्डा ने रैली के मंच से ही विपक्ष आपके समक्ष का अगला कार्यक्रम भिवानी में करने का एलान किया। हुड्डा ने अपने मन की टीस जाहिर करते हुए कहा कि 2014 के पहले विकास, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, किसानों, खिलाड़ियों के मान-सम्मान, गन्ने के भाव, पेंशन में नंबर 1 पर था आज वो हरियाणा विकास में पिछड़ कर 19वें पायदान पर और बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, भ्रष्टाचार और कर्जे में नंबर 1 बन गया। कर्ज

### 'मंडियों में गेहूं की खरीद नहीं हो रही'

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा का जो मूलमंत्र दिया उसी के आधार पर कांग्रेस पार्टी ने शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम जैसे कानून बनाये और समाज के कमजोर, पिछड़े, शोषित व वंचित वर्ग को सशक्त करने का काम किया। बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सबको बराबरी का अधिकार देने का काम किया और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की। उन्होंने बताया कि 26 नवम्बर 1949 को जब संविधान को अंगीकृत किया गया तो उस समय आरएसएस और जनसंघ ने न सिर्फ संविधान का विरोध किया बल्कि संविधान की प्रतियां भी जलाई।

**8 दलित डॉक्टर को पीटने वाले भाजपा सांसद के लिये अलग कानून और राहुल गांधी के लिये अलग कानून नहीं हो सकता**

और देनदारी मिलाकर हरियाणा पर 4 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज हो गया। इन पैसों का सरकार ने क्या किया। स्कूल में मास्टर नहीं, अस्पताल में डॉक्टर नहीं, दफ्तरों में कर्मचारी नहीं हैं। किसान को 4600-4800 प्रति क्विंटल पर सरसों बेचना पड़ा। इसी प्रकार मंडियों में गेहूं की खरीद नहीं हो रही है। सरकार कह रही है कि लस्टर लॉस हो गया, कभी कह रही है कि वैल्यू कट करेंगे। ये सब क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये पेंशन, 300 यूनिट मुफ्त बिजली, बैकवर्ड क्लास के लिये क्रीमी लेयर की सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख किया जायेगा। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव व राज्य सभा सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने जय भीम के गगनभेदी नारे के साथ बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि ह्यशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो ह्ल बाबा साहब जब चुनाव हार गये तो कांग्रेस पार्टी ने एक सीट खाली कराकर दोबारा बाबा साहब को संसद का सदस्य बनवाया क्योंकि कांग्रेस पार्टी का मानना था कि बाबा साहब के बिना संसद शोभा नहीं देगी। भाजपा झूठ की राजनीति करती है उसके झूठ को पहचानना होगा। उन्होंने भाजपा के दोहरे रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि गुजरात के अमरेली में दलित डॉक्टर को पीटने वाले भाजपा सांसद के लिये अलग कानून और राहुल गांधी के लिये अलग कानून नहीं हो सकता। भाजपा बाबा साहब के बनाये संविधान की हत्या कर रही है।

# विक्रम को डॉलरों का लालच देकर लाखों रुपए ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

डालरों का लालच देकर ठग ने दुकानदार से लाखो रूपए का चूना लगा दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव बिचपड़ी निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि शहजादपुर में उसकी 2 दुकानें हैं। 11 अप्रैल को उसकी दुकान पर 2 युवक आए। युवकों ने एक जोड़ी चप्पल खरीदी और उन्होंने उसे 20 डालर का एक नोट दिखाया। उसने युवकों से डॉलर के बारे में पूछा तो युवकों ने बताया कि उसकी चाची दिल्ली में किसी कोठी पर काम करती थी। कोठी मालिक के घर में कोई मौत हो जाने के कारण उसकी चाची को कुछ कपड़े गठरी में बांधकर फेंकने के लिए दिए थे। उन कपड़ों में काफी सारे डॉलर मिले। दुकानदार ने बताया कि वह डॉलर खरीदना चाहता था। उसने युवकों से 190 रुपए में 20 डॉलर

**8 डॉलर लेकर अंबाला आएंगे। उनके पास 20 डॉलर के 1735 नोट हैं। इन डालरों की एवज में 3.40 लाख रुपए मांगे**

के नोट खरीदने की बात की। दोनों युवकों ने बताया कि वह अपनी चाची के पास जाकर बताएंगे कि कितने डॉलर हैं। युवकों ने 12 अप्रैल शाम 4 बजे कॉल करके साहा आने को कहा। वह अपने दोस्त अजय कुमार के साथ साहा चला गया। यहां युवक ने एक बैग में 20-20 डॉलर के नोटों की गडिडया दिखाई। पैसों का इंतजाम न होने के कारण वह वापस लौट आए। आरोपियों ने 13 अप्रैल को कॉल कर उसे कहा कि वह शाम 4 बजे डॉलर लेकर अंबाला आएंगे। उनके पास 20 डॉलर के 1735 नोट हैं। इन डालरों की एवज में 3.40 लाख रुपए मांगे।

# सिख की आन बान और शान है दस्तार: मछौंडा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

श्री गुरु हरगोबिंद साहिब हाई स्कूल, अंबाला शहर में वैसाखी का महान पर्व स्कूल बच्चों द्वारा बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा वैसाखी से सम्बन्धित कविताएं, भाषण, इतिहास और वैसाखी से सम्बन्धित झलक के साथ प्रस्तुतियां पेश की गई। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष, जत्थेदार हरपाल सिंह मछौंडा, मेम्बर एस जी पी सी ने वैसाखी और खालसा साजना दिवस के इतिहास की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि वैसाखी का दिन सदियों से, जो पंजाब की संस्कृति के साथ जुड़ा हुआ है, अलग अलग ढंग से मनाया जाता रहा

**8 अंबाला शहर में वैसाखी का महान पर्व स्कूल बच्चों द्वारा बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया**

है। लेकिन दशमेश पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद साहिब जी ने इस दिन को एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक दिन बनाया गया, जिसकी गुरु जी ने सन् 1699 ईस्वी के वैसाखी के दिन तख्त केशगढ़ साहिब, श्री आनंदपुर साहिब में पांच प्यारों को अमृत छका कर खालसा पंथ की स्थापना की। पंथ खालसा को शस्त्रधारी बना कर जुल्म के खिलाफ लड़ना सिखाया। पांच प्यारों को पंथ का रूप दिया व लोकतन्त्र ढंग से पंचायत बनाने का दुनिया को संदेश दिया।



जत्थेदार हरपाल सिंह ने कहा कि हमें इस दिन से प्रेरणा लेनी चाहिए की न किसी पर जुल्म करना है, न जुल्म सहना है। उन्होंने ने कहा कि आज के दिन को दस्तार साजना दिवस के रूप में भी मनाया खाता है। स्कूल के बच्चों ने केसरी दस्तार बांध कर समां बांध दिया। वेसाखी सभी गुरुद्वारों में कल 14 अप्रैल को सभी गुरुद्वारों में बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री गुरु हर गोबिंद साहिब हाई स्कूल व श्री गुरु हर गोबिंद पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा पंजाबी विरसा, गिद्धा, भांगड़ा व गतका की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर स्कूल के प्रबंधक व सीनियर अकाली नेता जत्थेदार रणबीर सिंह फौजी ने वैसाखी के इतिहास के बारे में बताते हुए कहा के 13 अप्रैल, 1919 को जनरल डायर द्वारा जलियांवाला बाग में लगभग 2000 निहत्थे लोगों पर गोलियां चला कर उन्हें शहीद किया। उन सभी शहीदों को भी याद किया गया।

# हरियाणा विधानसभा में मनाई आंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/हरियाणा** विधानसभा में शुक्रवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने स्टाफ के साथ विधान भवन में स्थापित संविधान निमार्ता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि डॉ. भीम राव आंबेडकर का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी होने के साथ भारतीय इतिहास का प्रवाह मोड़ने वाला रहा है। हमारे समाज में शताब्दियों से व्याप्त बुराइयों के खिलाफ वे न सिर्फ एक सशक्त आवाज थे, अपितु उन्होंने समाज के वंचित, पीड़ित लोगों के उद्धार का रास्ता भी सुनिश्चित किया है।

# नागरिक अस्पताल में दिल के मरीजों की लाइव सर्जरी का किया प्रसारण

## प्रदेश के सभी पीएससी में लगेंगी ईसीजी मशीनें: विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला छावनी** के नागरिक अस्पताल में पीपीपी मोड पर चल रहे मेडीटीना हार्ट सेंटर में आयोजित कॉर्डिक वर्कशॉप में देश भर से आए 25 कोर्डियोलोजिस्टों ने दिल के मरीजों की जटिल से जटिल (कॉन्प्लेक्स) पीसीआई कोरोनरी सर्जरी की विभिन्न तकनीकों से इलाज की बारीकियां सीखी। इस अवसर पर लाइव सर्जरी का भी सीधा प्रसारण किया जा रहा है। पीसीआई कंपलेक्स कार्डिक वर्कशॉप का उद्घाटन अनिल विज गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री, मेडीटीना हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉक्टर एन. प्रताप कुमार, इटली से आए वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. इमाद शैबान द्वारा उद्घाटन किया गया। विज ने कहा कि आज पूरे भारतवर्ष से डॉक्टर अंबाला छावनी सबडविजन के अस्पताल में आए है यह काफी आर्श्चयजनक बात है उन्होने कहा कि यहा से यह डॉक्टर काफी कुछ सीख कर जाएगे और उन्होने बताया कि हरियाणा मे चार हार्ट सेंटर चलाए जा रहे हैं जहा पर सस्ते दामों पर मात्र 54 हजार रुपए में लोगों के स्टंट डाल रहे हैं। अंबाला छावनी के हार्ट सेंटर में 13 हजार के लगभग स्टंट डाले जा चुके हैं।



पिछल्ले 4 वर्षों मे लगभग 12 हजार लोगों के जीवन को यहा बचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हम चाहते है कि लोगों को बड़े अस्पतालों में न जाना पड़े उन्हे अपने आस पास ही बेहतर स्वस्थ्य सुविधाएं मिले। इसी को लेकर हमने प्रत्येक पीएससी में इसीजी की मशीन लगाने के आदेश दे दिए गए है। उन्होंने कहा कि हमने पायलेट प्रोजेट भी कर लिया है। उन्होने कहा कि लोगों को दूर-दूर तक न जाना पडे इसीलिए हम बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होने कहा कि जो भी सैटलाइज टाउन है वहां पर हम ओर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं जिससे सिर्फ पीजीआई वाले मामले ही रैफर हो सके। उन्होने कहा कि हरियाणा के एक भी मरीज किसी भी बिमारी के लिए हरियाणा से बाहर न जाएं, ऐसे हम प्रबंध कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री कहा कि हर जिले में 2 बसें दी गई है जो स्वास्थ्य की द्दष्टि से आधुनिक सुविधाओं से लैस है, इनमें लैब व अन्य प्रकार के टैस्टों की सुविधा है। यह बसें गांव-गांव कस्बे-कस्बे जा रही है। हम हरियाणा के प्रत्येक व्यक्ति के सभी प्रकार के टेस्ट करने जा रहे है, जिससे ऑनलाइन सिस्टम के उपचार से जोड़ा जाएगा। जिससे प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल सके।

वर्कशॉप में मेडीटीना हॉस्पिटल अंबाला कैंट के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर डॉ राघव शर्मा, केरल के डॉक्टर मनु आर, डॉ. दीपक, डॉ मनिंदर, डॉ हरसिमरन समेत देश भर से आए 25 कार्डियोलॉजिस्ट ने भाग लिया। डॉक्टर राघव शर्मा ने बताया कि कॉम्प्लेक्स पीसीआई एक ऐसी जटिल सर्जरी है जिसमे दिल के मरीज के पुराने घावों को भी भरा जा सकता है।

# अंबेडकर जयंती का भव्य कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला शहर मोती नगर** में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 132वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत राठौल व सरदार सतवंत सिंह (बंतसिंह) की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम मे श्री कबीर जन कल्याण सेवाश्रम,नगर खेड़ा मोतीनगर के अचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज मुख्य वक्ता के रुप मे आमंत्रित थे इस अवसर पर आचार्य जी ने अपने विचार रखते हुए बाबा साहब जी के जीवन पर प्रकाश डाला चैतन्य जी ने कहा की भारतीय संविधान निमार्ता महान अर्थशास्त्री व शिक्षाविद बाबा जी ने हम सब को समानता का अधिकार दिया उनके योगदान को भुलाया नही जा सकतोसभी भारतवासी भीमराव अंबेडकर के सदैव ॠणी रहेगा` कार्यकताओं द्वारा बाबा साहब

**8 संविधान निर्माता महान अर्थशास्त्री व शिक्षाविद बाबा जी ने हम सब को समानता का अधिकार दिया**

द्वारा दलित व पिछड़े वर्ग व महिला समाज के लिए किए गए सामाजिक व संविधानिक कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में अमरजीत सिंह, अर्जुन सिंह,बलविंदर शर्मा, गुरुदयाल सिंह,पं सुरेन्द्र कुमार शर्मा,महेंद्र सिंह, ओम प्रकाश,सूबेदार राजपाल,धर्मपाल सिंह,वीरेंद्र प्रधान,पूजा राणा,विक्की कपूर,जितेंद्र कुमार,जितेन्दर कुमार,निशा,जसविंदर, जंरनैलों देवी,निर्मला देवी,अंजलि गौड़,पूजा सिंगला व वार्ड के लोग उपस्थित थेकार्यक्रम की समाप्ति पर हभी ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

# हरी नगर में अवैध शराब पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अवैध शराब पकड़ने गए पुलिस कर्मचारियों के साथ पिता-पुत्र हाथापाई पर उतारु हो गए। यही नहीं, पुलिस द्वारा कब्जे में ली अवैध शराब और एक्टिवा लेकर फरार हो गए। अंबाला सिटी के सुरक्षा एजेंट हरि नगर में रेड करने गए थे। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंट विजय कुमार ने बताया कि बीती रात सवा 8 बजे उसे गुप्त सूचना मिली कि हरि नगर में गुल्लू अपने बेटे दीपू के साथ मिलकर एक्टिवा में अवैध शराब बेच रहा है। उसने अपने साथी के साथ आरोपी गुल्लू के ठिकाने पर दबिश दी।

यहां उन्होंने आरोपी को काबू करते हुए अवैध शराब और एक्टिवा कब्जे में ली। पुलिस का आरोप है कि इस बात को लेकर गुल्लू और उसका बेटा दीपू तैश में आ गया और गाली-गलौज करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई पर उतारु हो गए। यही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी। पुलिस कर्मचारियों ने बताया कि आरोपी पिता-पुत्र उनके कब्जे से अवैध शराब का थैला व एक्टिवा छीनकर फरार हो गए। अंबाला सिटी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 186,353,506 व 379ए के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला पॉलिटेक्निक में मनाई अंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला (मनीष कुमार)** कल्पना चावला राजकीय महिला बहुत तकनीकी अंबाला शहर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती व बैसाखी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया. शिक्षाविद अतुल अहूजा जी व भूपेंद्र सांगवान जी प्रिंसिपल आईटीआई अंबाला सिटी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने वैशाखी के महत्व व बाबा साहेब के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को बताया। सांगवान ने छात्राओं को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर आधारित किताबों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया



गया। श्रीमती चेतना ने डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवन का वर्णन व उनकी उपलब्धियों का गुणगान किया व श्रीमती जसवीर कौर ने बैसाखी की महत्वता और गुरुओं के बलिदान का व्याख्यान किया अंत में प्रधानाचार्य डॉ लाभ सिंह जी ने विभिन्न स्थानों पर आने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर नीरज मलान, श्री बाबूराम, श्री सुरेश खेड़ा, श्रीमती कृष्णा, श्री प्रवीण मित्तल, डॉ अश्वनी भारद्वाज, मनोज, कमल, पिंटू व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ अश्वनी भारद्वाज ने किया। इसी दौरान

बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर जी 132वीं जयंती के उपल्क्ष में गांव धूलकोट और धुलकोट माजरी में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें डॉ ॠषि पाल, राज कुमार, शुभम, मोहित, अशोक, लक्की और अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर छोटे दुकानदारों का रोजगार छीनने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर के समीप रेहड़ी व फड़ी लगाकर अपना रोजगार चलाने वाले लोगों का सामान जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बढ़ाने का नाम लेकर हटवा दिया गया, जिसके बाद सभी पीड़ित कारोबारी शुक्रवार को भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक अग्रवाल तौला के समक्ष अपना दुखड़ा रोने पहुंचे। व्यापारियों की शिकायत पर तौला तुरंत प्रभाव से समस्या की गंभीरता को देखते हुए व संज्ञान लेते हुए भिवानी के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक से मिले। एसपी को समस्या से अवगत करवाते हुए दीपक अग्रवाल तौला ने कहा कि छोटे-छोटे व्यापारी पिछले लगभग 30 सालों से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के समीप रेहड़ी व फड़ी लगाकर अपनी गुजर-बसर करते आ रहे हैं, लेकिन दो दिन पहले अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत छोटे व्यापारियों से रोजगार छीनकर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें भूखा मारने का काम किया जा रहा है। तौला ने कहा कि इन छोटे दुकानदारों का घर खर्च व बच्चों की फीस इसी रोजगार के सहारे चलती है, जिसे जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया गया, जो कि गलत है।

# रोटरी क्लब ने 502 टीबी मरीजों के लिए छठे महीने का राशन भेजा

## रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने 502 टीबी मरीजों को हर महीने राशन भेजने का संकल्प लिया था और उसे सहभागिता के साथ निभाया भी जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** भारत में लगभग 4.50 लाख टीबी मरीजों की मौत हो चुकी है। इसी के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का सपना देखा था। जिसे साकार बनाने के लिए रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल भरसक प्रयास कर रहा है। रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने 502 टीबी मरीजों को हर महीने राशन भेजने का संकल्प लिया था और उसे सहभागिता के साथ निभाया भी जा रहा है। आज रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने 502 टीबी मरीजों के लिए छठे महीने का राशन भेजा। हरियाणा में रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल एक मात्र ऐसी संस्था है जो लाखों का



राशन टीबी मरीजों को बांट रही है, 502 टीबी मरीजों को छठे महीने का राशन भेजने के लिए मुख्यतिथि के तौर पर हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज पहुंचे।

उन्होंने राशन की गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ्य विभाग को सौंपी। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संकल्प लिया था कि हिंदुस्तान को 2025 तक टीबी मुक्त बनाना है जिसके लिए काफी समाज सेवी संस्थाएं आगे आ रही है। रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने 502 टीबी मरीजों को हर महीने का राशन देने का संकल्प लिया था और उस वचन को पूरा भी किया है। उन्होंने कहा कि राशन स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है और अब ये टीबी मरीजों तक पहुंचाया जायेगा। हर महीने 502 टीबी मरीजों की राशन की किस्त स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाती है।

सिविल सर्जन डॉ0 कुलदीप सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए एक बहुत अच्छा उदाहरण दे रही है जोकि लगातार छठे महीने का राशन टीबी मरीजों को भेज रही है। उन्होंने टीबी मरीजों के आंकड़े बताते हुए कहा कि देश मे टीबी 4.50 लाख लोगों की जान ले चुका है और हरियाणा में इस साल 76हजार केस नये आए है और अंबाला में 32 केस आए है। डॉक्टर कुलदीप ने बताया कि रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल एक अकेली ऐसी संस्था है जिसने 20 प्रतिशत टीबी मरीजों को गोद लिया हुआ है। उन्होंने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

इसके साथ ही 502 टीबी मरीजों को गोद लेने वाली संस्था रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल के सदस्य ने अपनी पूरी टीम को बधाई दी और अपने टीम के सदस्य भूपेंद्र ओबेरॉय के बारे में बताते हुए कहा कि वो अमेरिका में बैठे हुए भी फोन करते रहे है कि राशन की लास्ट और फाइनल किश्त रुकनी नहीं चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सेवा स्थान, पद व व्यक्ति की मोहताज नहीं है। रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल 118 वर्ष में प्रवेश कर चुका है जिसके पास विश्व को पोलियो मुक्त करने का इतिहास है।

# पासपोर्ट ऑफिस बंद होने पर लोगों ने किया हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

गत दिवस पासपोर्ट बनवाने पहुंचे लोगों ने पासपोर्ट ऑफिस के बाहर खूब हंगामा किया। अंबेडकर जयंती के चलते आज दफ्तर बंद था, लेकिन लोगों को अपॉइंटमेंट दी गई थी। जब दूर-दराज से लोग अंबाला सिटी पासपोर्ट ऑफिस पहुंचे तो यहां पर ताला लटका मिला। यहां, गुस्साए लोगों ने जमकर नारेबाजी की। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को मौके पर पहुंच लोगों को शांत कराना पड़ा। पासपोर्ट ऑफिस पहुंचे लोगों का कहना था कि, पासपोर्ट बनाने के लिए उनको 14 अप्रैल की अपॉइंटमेंट दी गई। उसके बाद मैसेज आया कि अपॉइंटमेंट पोस्टपोन कर दी गई। इसके बावजूद एक मैसेज और आया कि 14 अप्रैल को ही अपनी अपॉइंटमेंट के लिए पासपोर्ट



ऑफिस पहुंचना होगा, लेकिन आज जब पासपोर्ट ऑफिस पहुंचे तो यहां दफ्तर बंद मिला।

यहां हरियाणा-पंजाब के अलग-अलग जगह से पहुंचे लोगों ने विरोध जताया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नरवाना से पहुंचे युवक ने बताया कि उसकी सुबह साढ़े 9 बजे की अपॉइंटमेंट थी, लेकिन यहां कोई सुनाई नहीं कर रहा। वहीं, करनाल से पहुंचे युवक ने बताया कि आज उनकी अपॉइंटमेंट थी, लेकिन रात 12 बजे अपॉइंटमेंट कैंसिल करने का मैसेज आया। उन्होंने मांग की है कि जिन लोगों को 14 अप्रैल की अपॉइंटमेंट दी गई थी, उन्हें एक सप्ताह के भीतर दोबारा से अपॉइंटमेंट दी जाए।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सो से आए लोगो ने बताया कि पासपोर्ट के लिए अपवाइनमेंट लेना आसान काम नहीं है।

इसके लिए वह शिमला, देहरादून व अन्य राज्यों में भी जा रहे है। लेकिन आज जब यहां पर अपवाइनमेंट मिलने के बाद पहुंचे तो उन्हे पता चला कि आज छुट्टी है।

# दिल्ली में जारी रहेगी बिजली सब्सिडी

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने फाइल को मंजूरी दी, 46 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा फायदा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के लोगों को बिजली सब्सिडी मिलती रहेगी। शुक्रवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बिजली सब्सिडी की फाइल को मंजूरी दे दी। अब दिल्ली के 46 लाख से ज्यादा परिवारों को बिजली सब्सिडी मिलती रहेगी। इससे पहले फाइल की मंजूरी को लेकर दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और उपराज्यपाल के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला था। आतिशी ने लगाया था फाइल रोकने का आरोप

फाइल को मंजूरी मिलने से पहले आतिशी ने कहा था कि आने वाले साल के लिए बिजली सब्सिडी देने का बजट विधानसभा से पास हो



चुका है, लेकिन कैबिनेट के इस फैसले की फाइल उपराज्यपाल ने रोक रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मैंने इस मामले पर बात करने के लिए एलजी से 5 मिनट का समय मांगा था, लेकिन उपराज्यपाल ने समय नहीं दिया। इस पर उपराज्यपाल के दफ्तर की ओर से कहा गया कि आतिशी गलत बयान देकर लोगों को गुमराह कर रही हैं। एलजी ने कहा कि सरकार ने बीते छह सालों में निजी बिजली कंपनियों को दिए गए 13,549 करोड़ रुपए का ऑडिट नहीं कराया है। मैं इस बिजली सब्सिडी के फैसले के समर्थन में हूं। लेकिन बिजली कंपनियों को जो सब्सिडी दी गई है, उसका ऑडिट होना चाहिए।


### डिस्कॉम का ऑडिट नहीं कराने पर बरसे एलजी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पिछले छह सालों में डिस्कॉम को दिए गए 13,549 करोड़ रुपये का ऑडिट नहीं करने के लिए केजरीवाल सरकार की आलोचना की है। एलजी गरीबों को बिजली सब्सिडी देने के लिए पूरा समर्थन देते हैं लेकिन किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए डिस्कॉम को दी जाने वाली राशि का ऑडिट किया जाना चाहिए। एलजी ने केजरीवाल सरकार से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 108 को लागू नहीं करने पर सवाल किया है। इससे डीईआरसी को अब तक डिस्कॉम का ऑडिट करना



अनिवार्य हो जाता। एलजी ने जोर देकर कहा कि इस ऑडिट को कैग के ऑडिटरों के द्वारा किए गए ऑडिट के विकल्प के रूप में नहीं माना जा सकता है और न ही इसे माना जाना चाहिए। एलजी ने आश्चर्य व्यक्त किया कि डिस्कॉम के सीएजी ऑडिट को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में सात से अधिक वर्षों से लंबित है। उन्होंने सरकार से कहा कि वह तत्काल सुनवाई के लिए अपील दायर करके इसे शीघ्र पूरा करने के लिए कहे। दिल्ली एलजी वीके सक्सेना ने 2016 से 2022 के बीच 06 से अधिक वर्षों के लिए निजी डिस्कॉम को दी गई 13,549 करोड़ रुपये की सब्सिडी के ऑडिट से बचने के लिए आप सरकार की आलोचना की है। प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सक्सेना ने कहा है कि ऐसी सब्सिडी दिल्ली के लोगों से राजस्व के रूप में एकत्र किया गया सार्वजनिक धन है।

# कोरोना के साथ मौसमी बीमारियों की मार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** बढ़ते कोरोना के मामलों के साथ मौसमी बीमारियों ने भी समस्या बढ़ा दी है। इसकी चपेट में आम लोगों के साथ बढ़ी संख्या में डॉक्टर भी आ रहे है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली, डॉ. राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग, लेडी हार्डिंग, गुरु तेग बहादुर अस्पताल सहित दिल्ली के 15 से अधिक अस्पतालों में काफी डॉक्टर इस वक्त बीमार हैं। हालांकि स्थिति गंभीर नहीं है, लेकिन तबीयत खराब होने से अस्पताल में मरीजों को देखने के लिए डॉक्टरों की संख्या घट रही है। एम्स से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में वरिष्ठ फैकल्टी सहित चार डॉक्टर और कई अन्य कर्मचारी कोरोना संक्रमित हुए हैं। इसे देखते हुए एम्स ने डॉक्टर व कर्मचारियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। वहीं डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में करीब सात डॉक्टर कोरोना से संक्रमित है। इसके अलावा अन्य अस्पतालों में कोरोना से संक्रमित डॉक्टरों की संख्या एक-दो ही है। डॉक्टरों का कहना है कि पिछली लहर में संक्रमित डॉक्टरों को सात दिन क्वारंटाइन रहने को कहा गया था, इस बार ठीक होने के बाद सेवाएं दे रहे हें। इस संबंध में डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. पुलिन गुप्ता ने कहा कि कोरोना बार-बार अपना रूप बदल रहा है। इस बार यह मौसमी बीमारी से पीड़ितों को भी अपना शिकार बना रहा है।

ऐसे में मधुमेह, बीपी सहित गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को कोरोना का टीका तीसरा टीका भी जरूर लगवाना चाहिए। ऑक्सीजन की मात्रा 95 से कम हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**कोविड पर समीक्षा कर रही सरकार:** कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार सतर्क हो गयी है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि सरकार कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रही है। स्कूलों को इससे संबंधित जल्द ही दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। बुधवार को सात महीने में पहली बार एक हजार मामले सामने आए थे। इसकी समीक्षा की जाएगी

### 'कोरोना के नए वेरिएंट से बच्चों को खतरा नहीं'

**दिल्ली** में तेजी से बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच बच्चे भी संक्रमित हो रहे हैं, हालांकि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का दावा है कि कोरोना के नए वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 से बच्चों में कोई गंभीर संक्रमण नहीं दिखा। उनका कहना है कि दिल्ली में बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली सरकार कोरोना को लेकर करीबी नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से तैयार है। ऑक्सीजन, बेड, वेंटिलेटर बेड, आईसीयू बेड की पर्याप्त मात्रा है। लोकनायक अस्पताल के के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार का कहना है कि अस्पताल में कोरोना से संक्रमित 18 दिन के एक नवजात को भर्ती किया गया है। इसके अलावा अस्पताल में चार और बच्चे भर्ती हैं। वहीं डॉ. कुमार ने बताया कि बच्चों का टीकाकरण नहीं हुआ है, ऐसे में हमें उनके लिए एहतियात बरतने की जरूरत है।

# सीएम अरविंद केजरीवाल को गोवा पुलिस का समन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरुवार को** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सार्वजनिक संपत्ति को कथित तौर पर पोस्टर चिपकाने के मामले में गोवा पुलिस ने पूछताछ के लिए पेश होने के लिए समन जारी किया था। अब केजरीवाल ने पुलिस द्वारा भेजे गए इस समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह पूछताछ में शामिल होने के लिए जरूर जाएंगे। सीएम केजरीवाल ने मीडिया से बात करते हुए गोवा पुलिस द्वारा भेजे समन के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं जरूर जाऊंगा। इसी दौरान उन्होंने दिल्ली लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अभी केसेस जरूर बढ़ रहे हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है अगर कुछ चीजें नजर आएंगी तो उचित कदम उठाए जाएगे। गोवा पुलिस ने गुरुवार को केजरीवाल को नोटिस जारी किया और उन्हें 27 अप्रैल को पेश होने को कहा है।

**पोस्टर वार**

**= केजरीवाल ने पुलिस द्वारा भेजे गए इस समन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह पूछताछ में शामिल होने के लिए जरूर जाएंगे**

# सीएम केजरीवाल ने बाबा साहब को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डॉ अंबेडकर** जयंती के अवसर पर विधानसभा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल साथ में विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल। उन्होंने बाबा साहब को याद करते हुए कहा- बाबा साहब ने कितनी डिग्री ले रखी हैं। विदेश में पढ़ाई कर रखी है। सबसे ज्यादा तवज्जों उन्होंने शिक्षा को दी। अगर, हमने बच्चों को शिक्षित कर दिया सब कुछ कर दिया है। शिक्षा किसी भी परिवार को पूरी तरह बदलने का काम करती है।

**सरकारी स्कूलों का बुरा था हाल:** दिल्ली सीएम उन्होंने आगे कहा कि जब मैं



एनजीओ चलाता तो देखता था कि सरकारी स्कूलों का बुरा हाल था। हम बच्चों को नौकरी भी नहीं बिजनेस करना दूर कर दूंगा। मैं यह नहीं कहता गरीबी दूर कर दूंगा। मैं कहता हूं आपके बच्चों को पढ़ा दूंगा वो आपकी गरीबी दूर कर देंगे। अब निगम के स्कूल भी ठीक करने है। निगम आम आदमी जिंदगी को प्रभावित करता है। दिल्ली को साफ करना है। दिल्ली को चमकाना है। ये ही कर्मचारी साल दो साल के अंदर कमाल करके दिखाएंगे। जिन शिक्षकों को लोग कोसते थे आज उन्होंने शिक्षा क्रांति ला दी। आज जब में बच्चों से बात करता हूं तो बच्चे स्कूल में सुधार के साथ टीचर की तारीफ करते हैं।

**अब आना-जाना लगा रहेगा:** आज यही एमसीडी अधिकारी कमाल करके दिखा देंगे नेगेटिव चीजे खत्म करना है।
हमें सबकी मदद से काम करना है। मॉडल आरडब्ल्यूए अवॉर्ड होना चाहिए । बेस्ट पार्क, बेस्ट सफाई कर्मचारी। एक सेनेटेरी इंसपेक्टर। अब आना जाना लगा रहा करेंगे। पहली बार सिविक सेंटर आया हूं।

**आंबेडकर जयंती**

**= मैं कहता हूं आपके बच्चों को पढ़ा दूंगा वो आपकी गरीबी दूर कर देंगे। अब निगम के स्कूल भी ठीक करने है।**




डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी ने शुक्रवार को अपनी पुस्तक रैबिट टॉर्टिस मॉडल फॉर कैंसर केयर पुस्तक का विमोचन किया।

### बीएमडब्ल्यू शोरूम में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी जिले** के मायापुरी स्थित बीएमडब्ल्यू के शोरूम में बीती देर रात आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। दमकलकर्मियों के अनुसार, शोरूम में रखी कई कारों में से एक बीएमडब्ल्यू गाड़ी में लगी आग तेजी से फैलनी शुरू हुई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। शोरूम में 100 से अधिक बीएमडब्ल्यू कारें खड़ी थीं और उसमें से एक गाड़ी में अचानक आग लग गई।

### सुपर चोर बंटी फिर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिण जिले की पुलिस ने एक बार फिर से देश के सुपर चोर बंटी उर्फ देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की टीम ने 500 किलोमीटर तक पीछा कर उसे कानपुर से गिरफ्तार किया। आरोपित बंटी ने हाल ही में दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-2 स्थित घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### जल्द पूरी होंगी जनता को दी 10 गारंटी: महापौर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि निगम चुनाव से पहले हमने 10 गारंटी दी थी और सीएम केजरीवाल के नेतृत्व में यह गारंटी पूरी करने का काम किया जा रहा है। महापौर ने बाबा साहब को नमन कर बताया कि हम निगम स्कूल और अस्पतालों को ही विश्वस्तरीय बनाएंगे। पार्कों को भी नया रूप देने का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। दिल्ली की जनता को कूड़े के पहाड़ से भी छुटकारा दिलाएगे।

# 'बिजनेस मॉड्यूल में पारदर्शिता, नैतिकता, दक्षता से बाजार में पैसा लगेगा और इससे देश आगे बढ़ेगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बिजनेस** मॉड्यूल में पारदर्शिता, नैतिकता, दक्षता से बाजार में पैसा लगेगा और इससे देश आगे बढ़ेगा। दुनिया का लीडर बनना है और भारत को विकसित देश बनाना है तो धन उपार्जन बुरी बात नहीं है। हमें बिजनेस लीडर खड़े करने हैं तो इस मानसिकता से बाहर आना होगा। यह बातें केंद्रीय श्रम एवं रोजगार, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की ओर से आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में छात्रों को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री ने छात्रों का समावेशी विकास, वैज्ञानिक नजरिए, इकोनॉमी को लेकर ज्ञान वर्धन किया। श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स की ओर से तीन दिवसीय बिजनेस कॉन्कलेव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अमर उजाला मीडिया पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि कहा कि आने वाले 25 साल की यात्रा अमृत काल की यात्रा है। तो जो लीडर बनने वाले हैं इसलिए मैं यहां भविष्य के लीडर को संबोधित कर रहा हूं। उन्होंने छात्रों को इस साल पेश किए गए बजट के सात मुख्य विशेषताओं की जानकारी भी दी। समावेशी विकास पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी के पास मूलभूत जरुरतें पूरी नहीं होगी तो कोई भी देश पूरा विकास नहीं करेगा।

**दो टूक**

**= केंद्रीय मंत्री ने छात्रों का समावेशी विकास, वैज्ञानिक नजरिए, इकोनॉमी को लेकर ज्ञान वर्धन किया**

# ईडी पर फिर सांसद ने लगाया गंभीर आरोप

## सिसोदिया को बदनाम करने वाले अधिकारियों को टीवी चैनल पर हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आप के वरिष्ठ** नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर ईडी की जांच को फर्जी बताया। सिंह ने कहा कि भाजपा के प्रवक्ता चिल्ला-चिल्ला कर बोल रहे थे कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट कर दिए, जबकि सच्चाई कुछ और ही है।
मनीष सिसोदिया को बदनाम करने वाले अधिकारियों को टीवी चैनल पर हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, वह कोर्ट से निवेदन करते है कि आपको गुमराह करने और गलत तथ्य व गलत जानकारी देकर जमानत रद्द करवाने वाले ईडी के अधिकारियों



के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र के मामले में कार्रवाई की जाए। ऐसे अधिकारियों को जरूरत पड़ने पर पकड़कर जेल में भी डाला जाए। सिंह ने कहा कि भाजपा वाले कह रहे थे कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट कर दिए। हमसे भी टीवी चैनलों पर पूछा गया कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन तोड़ दिया? हमने इस बारे में जानकारी इक्ट्ठा की कि आखिर कौन से 14 फोन हैं। जब ईडी ने अपनी रिपोर्ट दाखिल की तो इन 14 फोन की जानकारी दी। जिन्हें बताया कि ये फोन गायब कर दिए या नष्ट कर दिए गए। जबकि ये 14 फोन जिंदा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें से 5 फोन सीबीआई और ईडी के पास हैं। इसमें 5 फोन ईडी ने खुद सीज किए हैं और मीडिया से कहा जा रहा है कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट कर दिया। ईडी ने जांच का मजाक बना दिया है। सिंह ने आगे कहा कि एक उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के घर में उनका परिवार, क्लर्क, चपरासी, नौकर, ड्राइवर रहते हैं।

**वार-पलटवार**

**= भाजपा के प्रवक्ता चिल्ला-चिल्ला कर बोल रहे थे कि मनीष सिसोदिया ने 14 फोन नष्ट कर दिए, जबकि सच्चाई कुछ और ही है**



# राजस्थान में राज बदलेगा या रिवाज

## संपादकीय

### चंपारण सत्याग्रह के 106 साल, जिसने दिखाई आजादी की राह

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में चंपारण सत्याग्रह का प्रमुख महत्व है। यही वह सत्याग्रह है, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बना दिया। और यही वो सत्याग्रह है जिसने भारत को आजादी की राह दिखाई। 15 अप्रैल, 1917 को गांधी के मोतिहारी आगमन के बाद बिना किसी धरना, प्रदर्शन व अस्त्र- शस्त्र के प्रयोग के अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के विरुद्ध शुरू किया गया किसानों का यह सत्याग्रह पूरी तरह सफल रहा। यह उन दिनों की बात है जब प्रथम विश्वयुद्ध चल रहा था। फिरंगियों के अत्याचार और शोषण से पूरे देश के साथ बिहार के चंपारण (बेतिया और मोतिहारी) जिले के किसान त्रस्त थे। उनकी जमीन पर जबरन नील की खेती करवाई जा रही थी। नील की खेती से न सिर्फ किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि की उर्वरता नष्ट हो रही थी, अपितु किसान अपने भोजन के लिए आवश्यक खाद्यान भी पैदा नही कर पा रहे थे।तीनकठिया प्रथा यानी एक बीघे जमीन में तीन कठ्ठा नील की खेती के साथ ही मनमाने करों की वसूली की जा रही थी। शोषण, पीड़ा और अत्याचार के विरुद्ध भीतर ही भीतर चिंगारी भी सुलग रही थी। चंपारण की पीड़ा पर गणेश शंकर विधार्थी के प्रताप अखबार में अग्रलेख छपने लगे । इसी बीच चंपारण के एक साधारण किसान राजकुमार शुक्ल ने पत्रकार पीर मोहम्मद मुनीस, लोमराज सिंह, संता राउत सहित अपने जैसे अन्य कई और किसानों को लामबंद करना शुरू किया। अंग्रेजों को इसकी भनक लगी तो इन लोगों को जेल में डाल दिया गया। लेकिन इन लोगों ने हार नहीं मानी। बाहर आने पर फिर अपने अभियान में शुरू हो गए। इनके पास कोई रास्ता नहीं बचा तो देश के किसी बड़े नेता को चंपारण लाने की ठानी गई। पहले वे बाल गंगाधर तिलक और फिर मदन मोहन मालवीय के पास भी गए। आखिर में राजकुमार शुक्ल इस संबंध में महात्मा गांधी से मिले और उनसे चंपारण में आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। इसके बाद जो हुआ, वो भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के रूप में दर्ज है। गांधी ने चंपारण को सत्य और अहिंसा का प्रयोगशाला बनाया। गांधी अपनी जीवनी "सत्य के प्रयोग" में लिखते है- वहां जाने से पहले मैं चंपारण का नाम भी नहीं जानता था। नील की खेती होती है, यह सोचा भी नहीं था। राजकुमार शुक्ल नाम के चंपारण के एक किसान ने उनका पीछा किया और वकील बाबू (उस वक्त बिहार के नामी वकील और जयप्रकाश नारायण के ससुर ब्रजकिशोर प्रसाद) के बारे में कहते कि वे सब हाल बता देंगे। साथ ही चंपारण आने का निमंत्रण देते। यह क्रम चलता रहा और आखिर में मुझे चंपारण जाना ही पड़ा। गांधी के चंपारण पहुंचते ही अंग्रेज अफसरों के होश उड़ने लगे। उन्होंने महात्मा गांधी को जिला छोड़ने का आदेश दे दिया, लेकिन गांधी किसानों को इंसाफ दिलाने की ठान चुके थे। गांधी ने जिला छोड़ने से मना कर दिया। इसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर 18 अप्रैल को कोर्ट में पेश किया गया। गांधी ने मजिस्ट्रेट के सामने बेहद निडर व विनम्र सुर में कहा कि वह चंपारण में किसानों की हालत जानने आए हैं, जब तक हालत से वाकिफ नहीं हो जाते, वे चंपारण नहीं छोड़ेंगे। अगर इस बात की उन्हें सजा भी मिले तो वो भुगतने को तैयार हैं।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे। कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए। ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके"

**राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में सिर्फ सात** महीने का समय रह गया है। ऐसे में अब सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत बना कर चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। जहां सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। वहीं भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है। पार्टी कार्यकताओं को उत्साहित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य प्रत्याशियों का रहा था। 2018 के चुनाव में आप को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहें है। राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वही इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। जिससे भाजपा सत्ता से बाहर हो



गई थी। अपनी पिछले विधानसभा चुनावों की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फामूर्ले पर काम कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी। भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनिया को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। सतीश पूनिया पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्रसिंह शेखावत, यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुनराम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री, अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव है। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने कि चर्चा चल रही थी। मगर कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा उनपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी में उनकी भूमिका कम हो सकती है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असादुदीन ओवैसी भी प्रदेश में अपनी पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुये हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे। कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए। ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके। कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी है। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में 3 विधायकों अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वही सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। कांग्रेस में 25 सितंबर 2022 की घटना में दोषी नेताओं पर अभी तक कार्यवाही नहीं होने से भी सचिन पायलट खासे नाराज बताये जा रहे हैं। सचिन पायलट ने जयपुर में एक दिन का उपवास रखकर अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पायलट ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर मिलीभगत का खेल खेलने का आरोप लगाया है। पायलट के अनशन को रोकने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने बहुत दबाव बनाया था मगर पायलट अनशन करके ही माने। हालांकि कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी गतिविधि घोषित कर दिया था। मगर पायलट के खिलाफ अभी तक अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई है। अंदरखाने पायलट को हनुमान बेनीवाल सहित आम आदमी पार्टी का भी समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि यदि पायलट के खिलाफ किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्यवाही करेंगे तो राजस्थान की स्थिति भी पंजाब की तरह हो सकती है। कुल मिलाकर चुनावी दौर में कांग्रेस पार्टी आपसी गुटबाजी की शिकार हो गई है जिसका खामियाजा उन्हें अगले विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा।

## कविता

### पराई दीवारो में झांकना, आसां बहुत

**गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,**
**मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।**
**पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,**
**कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।**
**चादरों में सुराख करना,आसां बहुत,**
**अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।**
**खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,**
**बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,**
**भ्रम है, तुझे,जिंदगी रंगीन है बहुत,**
**मुफलिसी में जरा झांक कर देख,**
**गैर की दौलत से किसका भला हुआ,**
**फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,**
**बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,**
**एक दिया पाक जला कर देख,**
**जलते घरो से हाथ सेंकना, आसां,**
**तिनका खुद का जरा जलाकर देख,**
**खुशी अभी रूठी नहीं है, तुझसे संजीव,**
**खिलखिलाहट में मासूम की, झांक कर देख**

**संजीव ठाकुर**

## गहलोत की जीत इतनी आसान नही

**अशोक भाटिया**

**इस वर्ष** 2023 का चुनाव गहलोत सरकार के लिए उतना आसान नहीं जितना वो महसूस करते है क्योकि इस बार मुकाबला दो पक्षीय नहीं, बहुकोणीय है । अब मुकाबला केवल बाहर से नहीं, अन्दर से भी है । पहले बात करते है अपनों की । पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की ओर से राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार की जाँच नहीं कराए जाने वाले बयान ने प्रदेश कांग्रेस में पिछले चार साल से चली आ रही खींचतान को एक बार फिर बाहर ला दिया है। पायलट वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच मिलीभगत की बात भी की है। इसके साथ ही चुनाव से पूर्व राजस्थान में भी कांग्रेस पंजाब की राह पर चलती नजर आ रही है।

पायलट ने प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री के साथ आलाकमान को भी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखने की बात कही। साथ ही 11 अप्रेल को गहलोत सरकार की नीतियों के विरोध में धरना भी दिया है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि सिंधिया तो एक बहाना है असल निशाना तो गहलोत ही है । इसको देखते हुए अब पार्टी आलाकमान के समक्ष भी संकट उत्पन्न हो गया है कि वे कर्नाटक चुनाव पर ध्यान दे या राजस्थान के मुद्दे को सुलझाए। हालातों पर नजर डाली जाए तो पंजाब में पिछले विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस में कमोबेश ऐसी ही स्थिति बनी हुई थी। वहां पर मुख्यमंत्री केप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिद्धु के बीच कुर्सी को लेकर ऐसी ही खींचतान शुरू हो गई थी। विवाद को बढ़ता देख कांग्रेस आलाकमान ने अमरिंदर और सिद्धु को साइडलाइन कर चन्नी को मुख्यमंत्री बना दिया था। इसका परिणाम ये रहा कि अमरिंदर सिंह पार्टी से अलग हो गए और कांग्रेस को चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। अब राजस्थान में भी चुनाव से पूर्व पायलट का सरकार की नीतियों के खिलाफ झंड़ा उठाना कांग्रेस आलाकमान के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। पंजाब की तरह यहां भी आलाकमान ने अगर बीच का रास्ता निकाला तो कांग्रेस के लिए आगामी चुनाव जीतना एक टेडी खीर साबित हो सकता है। गौरतलब है प्रदेश में वर्ष 2013 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई थी। कांग्रेस ने चुनाव में 21 सीटे प्राप्त की थी, जो कि किसी भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सबसे कम सीट थी। इस चुनाव के बाद कांग्रेस आलाकमान ने युवा नेतृत्व के रूप में सचिन पायलट को कमान सौंपी थी। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव भी उनके नेतृत्व में हुए और कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई थी। यहां पर कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाया था। इस दौरान सचिन को मुख्यमंत्री बनाए जाने की चचाएं भी हुई लेकिन बाद में उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया और कोई प्रमुख विभाग उन्हें नहीं दिया गया।

## विचार

### योगी की एनकाउंटर नीति पर सवाल क्यों ?

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**उत्तर** प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टोलरेंस' नीति अतीक जैसे माफिया को घुटनों के बल आने पर मजबूर कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छबि पूरे देश में एक अलग तरह के तटस्थ शासक के रूप में उभरी है। अपराधियों में मुख्यमंत्री की इस नीति को लेकर खौफ है। किसी भी घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी और दंगायियों को 100 बार सोचना पड़ता है। यही कारण है कि रामनवमी जैसे पवित्र दिवस पर पश्चिम बंगाल, बिहार और दूसरे राज्यों में आगजनी और हिंसा हुई की घटनाएं हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश में इस तरह की कोई वारदात नहीं हुई। योगी की कार्यशैली को लेकर पूरे देश में सियासी बहस छिडी है। माफिया अतीक के बेटे असद और उसके सूटर गुलाम के एनकाउंटर पर ओवैसी, अखिले यादव धर्म और मजहब का तड़का लगा रहे हैं। निश्चित रूप से सवाल उठाना विपक्ष का राजनीतिक धर्म है। लेकिन अपराध और माफिया को राजनीतिक संरक्षण देना कहां की नीति है। धर्म और जाति को हम वोट बैंक का सहारा कब तक बनाएंगे। प्रयागराज में बसपा विधायक रहे राजूपाल की हत्या के चश्मदीद गवाह उमेश पाल की फरवरी के अंतिम सप्ताह में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद पूरे प्रदेश में सियासी माहौल गर्म हो गया। योगी सरकार पर लोग सवाल उठने लगे थे प्रदेश को माफिया मुक्त करने का दावा खोखला साबित हो रहा है। अतीक जैसे माफिया जेल में होने के बाद भी खुली सड़क पर निर्दोष लोगों की हत्या कर रहे हैं। पुलिस को भी निशाना बनाया जा रहा है। इस घटना में दोष निर्दोष गनर भी हत्या के शिकार हुए। सरकार को बुलडोजर नीति और अपराध मुक्त प्रदेश को लेकर कटघरे में खड़ा किया जाने लगा। इस घटना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद गंभीरता से लिया। उन्होंने खुद विधानसभा में ऐलान किया कि अपराधियों को मिट्टी में मिला देंगे। जब अतीक जैसे माफिया के खिलाफ सरकार एक्शन मोड में आ गई तो विपक्ष फिर वोट बैंक के डर से धर्म और मजहब की आड़ लेने लगा। उमेशपाल की हत्या पर जो समाजवादी पार्टी घड़ियाली आंसू बहा रहीं थी वहीं अतीक के खिलाफ कार्रवाई पर सियासी राग अलापने लगी। योगी के एनकाउंटर नीति पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या उत्तर प्रदेश में कानून और संविधान को खत्म कर देना चाहिए। ओवैसी सवाल उठा रहे हैं कि संविधान और कानून का क्या मतलब है। फिर अदालत और जज जैसे पद को खत्म कर दिया जाना चाहिए। अपराधियों को सजा देने के लिए अदालत और संविधान है। एनकाउंटर कहीं का इंसाफ नहीं है। बिल्कुल सच है ओवैसी की बात में दम है। हम भी यही चाहते हैं कि पुलिस किसी को भी फर्जी एनकाउंटर में न मारे। ओवैसी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून का एनकाउंटर किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी एनकाउंटर को फर्जी बताया। उनकी निगाह में सही गलत का फैसला सत्ता नहीं करती। हम अखिलेश यादव और ओवैसी के बातों से बिल्कुल सहमत हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। फिर अतीक ने उमेशपाल की हत्या क्यों करवाई क्या ऐसा होना चाहिए था। अगर नहीं तो ओवैसी क्यों चुप थे। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को एनकाउंटर प्रदेश बना दिया है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में 10713 से भी अधिक एनकाउंटर हुए है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश शायद इस तरह का इकलौता प्रदेश है। एनकाउंटर में 183 से अधिक अपराधियों का सफाया हुआ। जिसमें मेरठ पुलिस ने सबसे अधिक 3152 एनकाउंटर किए हैं। निश्चित रूप से हम योगी सरकार की एनकाउंटर नीति की मुखालफत करते हैं। एनकाउंटर किसी समस्या का समाधान नहीं है। अपराधियों को खुद को बेगुनाह साबित करने का अवसर मिलना चाहिए। संविधान और कानून को सत्ता के पैरों तले दफन नहीं किया चाहिए। मानवीय अधिकारों की पूरी तरह रक्षा होनी चाहिए। हम अखिलेश यादव और ओवैसी की बातों से सहमत हैं।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### शिक्षकों की आपत्ति निराधार नहीं

**अम्बुज कुमार**

**बिहार** में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए बनी नई नियमावली में शिक्षकों की आपत्ति भी वाजिब है। 1999 के बाद विद्यालयों में नियमित बहाली का आवेदन नहीं निकला। 2003 में लगभग 33हजार की बहाली निकली, लेकिन उच्च न्यायालय ने रोक लगा दिया। उसके बाद ग्यारह माह के लिए शिक्षामित्र की बहाली हुई। 2005 में सरकार बदलने के बाद नियोजन नियमावली 2006 बनी और पंचायत, प्रखंड शिक्षक नियोजित होने लगे। इसमें पूर्व के शिक्षामित्रों का समायोजन बिना शर्त कर दिया गया था। उच्च विद्यालयों में भी इसी नियम से बहाली होने लगी। पूर्व के पद समाप्त हो गए। अब योग्य एवं अयोग्य व्यक्ति इसी प्रक्रिया से कागज दिखाकर शिक्षक बनने लगे। सबसे दिलचस्प बात है कि नियत एवं कम वेतन होने के कारण समाज के वंचित एवं हाशिए पर रहने वाले लोग इस पद पर बड़े पैमाने पर बहाल हुए। समाजिक न्याय की दृष्टि से इसकी सराहना भी हुई थी। अन्य छोटे बड़े नौकरियों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार की कहानी इन वर्गों के बच्चों के लिए बालू से तेल निकालने के समान रहा है। हालांकि इस प्रक्रिया में बहुत से अयोग्य लोगों की बहाली से इनकार नहीं किया जा सकता है। फिर भी बड़े पैमाने पर नियुक्ति की गई, जिसका ढिंढोरा बराबर सरकार पिटती रही है 2010 में आरटीई लागू होने के बाद एनसीटीई के प्रावधान के आलोक में टेट, सीटेट, एसटीईटी के माध्यम से नियुक्ति होने लगी। इसके लिए 2012 में नियमावली बनी और 2013 से 2016-17 तक बहाली होती रही। इसी बीच 2015 में महागठबंधन सरकार बनने पर वेतनमान की स्वीकृति दी गई। इसे चाइनीज वेतनमान के नाम से जाना जाता है।

वर्तमान समय तक छठी चरण की नियुक्ति पूर्ण हो गई है, फिर भी शिक्षकों के लाखों पद रिक्त रह गए हैं। बीपीएससी द्वारा उत्क्रमित माध्यामिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक भी बने। लेकिन छह हजार पद रिक्त ही रह गए। इस दौरान सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि नियमावली में प्रोन्नति के प्रावधान के बावजूद सरकार इस ओर एक कदम भी नहीं बढ़ा सकी है।

यह उसकी तानाशाही रवैया एवं शिक्षा के प्रति उदासीनता का द्योतक कही जा सकती है।

## शादी का कार्ड

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वैसे** शादी के कार्ड में होता ही क्या है? ज्यादा से ज्यादा कार्ड के आरंभ में गणेश जी से संबंधी कोई श्लोक, वर-वधू के नाम, उनके माता-पिता के नाम, दिनांक, समय, विवाह स्थल और अंत में बंधुजनों के नाम आदि। इससे ज्यादा क्या लिखा जाता है? लेकिन महामारियों के चलते शादी के कार्ड की रूपरेखा ही बदल गयी है। अब भविष्य में बनने वाले शादी के कार्ड अजीबो-गरीब होंगे। पहले जहाँ लिखा होता था कि आप सपरिवार विवाह में उपस्थित होकर नव दंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान करें, वहीं आगे चलकर लिखा होगा कि एक परिवार से केवल एक ही सदस्य विवाहोत्सव में भाग ले सकता है। साफ-सफाई का ध्यान रखें। किसी भी सूरत में मुँह से मास्क न हटाएँ। बेवजह में किसी भी चीज को छूने का प्रयास न करें। नवदंपत्ति से चिपक-चिपककर फोटो खिंचवाने की कोशिश न करें। जहाँ तक हो सके दूर से ही फोटो खिंचवाकर चलते बनें। हर जगह कम-से-कम दो मीटर की सामाजिक दूरी बनाए रखें। काउंटरों की सेवा का पूरा-पूरा लाभ उठाएँ और उनका भरपूर इस्तेमाल करें। उदाहरण के लिए काउंटर-1 पर राशि उपहार, काउंटर-2 पर वस्तु रूपी उपहार, काउंटर-3 पर ऑनलाइन भुगतान जैसे- गूगल पे, पेटीएम, रूपे, क्रेडिट कार्ड की सहायता से भेटंस्वरूप दी जाने वाली राशि जमा कराएँ। काउंटर-4 पर पुष्पगुच्छ, पुष्पहार आदि के स्थान पर राशि भुगतान करें और काउंटर-5 पर भुगतान की गयी राशि की पावती पर्ची दिखाकर भोजन का टोकन प्राप्त करें। इस टोकन की सहायता से पूरे परिवार के लिए पैक्ड भोजन प्राप्त कर सकेगें। इसे आप बड़े इत्मिनान से अपने घर ले जाकर सपरिवार बैठकर खा सकते हैं। शादी के कार्ड में अंत में अतिथियों को बुलाने का कारण लिखा होगा। इसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित होगा कि हम उन्हीं अतिथियों को बुला रहे हैं जिनके विवाह में जाकर हमने उपहार अथवा राशि भेंट की थी। इस आमंत्रण के बहाने हम अपने रुपये-पैसे वसूलना चाहते हैं।

विशेष सूचना के अंतर्गत अतिथियों से आग्रह किया जाएगा कि वे अपने साथ अपने-अपने मास्क और सेनिटाइजर्स लाना न भूलें। शादी के कार्ड का उद्देश्य पूरा करने तथा आदर्श प्रस्तुत करने के लिए नवदंपत्ति सामाजिक दूरी बनाते हुए डंडियों की सहायता से एक-दूसरे को पुष्पमालाएँ पहनायेंगे।

# 'दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में पशुपालक अपनाएं ब्राजील तकनीक'

## पशुपालकों को हरियाणा सरकार करोड़ों की परियोजना को शुरू करने में दे रही है सहयोग: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री जेपी दलाल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **हरियाणा** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी को लेकर हरियाणा में ब्राजील तकनीक को अपनाया जाएगा, ताकि यहां की पशु पालकों की आय में वृद्धि हो और गांव स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध हो सके। हरियाणा सरकार ब्राजील तकनीक को अपनाने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाएगा और करोड़ों रुपए की परियोजना की शुरूआत करने लिए अनुदान राशि पर सहयोग दिया जाएगा।



कृषि मंत्री वीरवार को देर सांय गांव खेडीनरू में नरेन्द्र नरवाल की डेरी का अवलोकन करने के बाद उपस्थित गांववासियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पशुपालकों का आहवान किया कि वे दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ब्राजील पद्धति को अपनाएं और अपनी आमदनी के साधन में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि आज के समय में सभी युवाओं को सरकारी नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में किसानों को परम्परागत खेती को छोडकर कम लागत वाली फसलों को अपनाना होगा। इसके अलावा खेती के साथ-साथ पशुपालन को एक व्यवसाय के रूप में अपनाएं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों उन्हें अधिकारियों व किसानों की टीम के साथ ब्राजील दौरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और वहां की तकनीक को देखकर बहुत ही खुशी हुई। वहां के पशुपालक न केवल दूध को अपनी आमदनी का जरिया बनाए हुए है

बल्कि अच्छी नस्ल की गाय व भैंस जो कि 60 से 70 लीटर दूध देती है, उनसे पैदा हुए कटडे व बछड़े को झोटे व सांड के रूप में तैयार करते हैं और उनका सीमन भी बेचते हैं। इस पद्धति से अच्छी नसल के सांड व झोटे के सीमन से अधिक मात्रा में दूध देने वाली कटडी व बछडियां पैदा होती है।

> **8 हरियाणा सरकार ब्राजील तकनीक को अपनाने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाएगा**

कृषि मंत्री ने कहा कि मछली पालन भी आमदनी का एक अच्छा साधन है। इसकी तरफ भी किसान भाइयों को अपने बच्चों को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भिवानी जिले के अन्दर एक हजार युवाओं को जोडने.का काम किया है और वे अच्छी खासी आमदनी ले रहे हैं। उनका लक्ष्य 10 हजार युवाओं को मछली पालन व्यवसाय से जोडना है।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों एवं पशुपालकों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं, ताकि किसान की आमदनी बढ़े, तरक्की करें। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिस की वजह से किसानों की फसलों में जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई सरकार करेगी और एमएसपी के आधार पर ही किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।

इस अवसर पर असंध के पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क, लाला लाजपत राय कृषि विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. विनोद वर्मा, पशु विशेषज्ञ डॉ. नरेन्द्र जिन्दल, डीडी डॉ. आदित्य प्रताप डबास, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. नरेन्द्र, गांव के सरपंच विकास, जिला परिषद के पूर्व सदस्य बलवान सिंह, सुरेन्द्र नरवाल, देवेन्द्र नरवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण व पशुपालक उपस्थित रहे।

# चाईल्ड केसर स्कूल में बैसाखी डॉ अम्बेडकर जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी उत्सव और डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक अजय यादव ने की। विद्यालय की प्रधानाचार्या अक्षिता आहूजा ने छात्रों को बैसाखी मनाने के महत्व के बारे में बताया कि बैसाखी पंजाब का एक महत्वपूर्ण फसल उत्सव है, जिसका धार्मिक महत्व भी है। अम्बेडकर जयंती को लेकर सुश्री नीलम (हाउस इंचार्ज) के मार्गदर्शन में तीसरी कक्षा के छात्रों ने एक रचनात्मक और सूचनात्मक सभा प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। कविताओं का पाठ किया और अम्बेडकर जयंती पर भाषण दिए। छात्रों ने बैसाखी के अवसर पर भांगड़ा किया और अपने सुंदर प्रदर्शन से सभी को प्रभावित



किया। विद्यालय के संगीत मनजीत ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यवस्था संभाली। इस मौके पर शिक्षक अमित, सुमति, नीलम, संगीता, सुमित, कुसुम, सुमन, अंजू, अमीषा,कोमल,राखी,पूनम, सुरेंद्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## न्यूज फ्लैश

### संत गुरू रविदास सेवा समिति ने रविदास जयंती धूमधाम से मनाई



**गन्नौर।** संत गुरू रविदास सेवा समिति गन्नौर द्वारा रविदास मन्दिर के पास एक निजी पैलेस में डा. भीम राव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। जिसमें बतौर मुख्यातिथि आईआरटीएस पूर्व चीफ कमर्शियल मैनेजर मेहर सिंह चाहलिया, पूर्व आईपीएस सतप्रकाश रंगा ने शिरकत की। चाहलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों, जातियों के युवाओं का मार्ग दर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिन रात मेहनत कर देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व आईपीएस सतप्रकाश रंगा ने कहा कि बाब साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनों, संगठित रहो, संघर्ष करो, को भी सदैव जीवन में धारण करो। समिति के प्रधान दयान्नद अहलावत ने सभी अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। दयान्नद अहलावत ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सबको बराबरी का अधिकार देने का काम किया और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की। महासिचव जितेन्द्र तुर, कोषाध्यक्ष रामदिया रंगा, उपप्रधान मोहिन्द्र सिंह, सचिव जयनारायण, रामशिन मेहरा, सुखबीर, पालेराम, पूर्व प्रधान कर्मबीर भाटिया, बिजेन्द्र कटारिया आदि मौजूद थे।

# बी आर ग्लोबल विद्यालय के छात्रों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में बैसाखी पर्व तथा अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण तथा लोक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। प्री प्राईमरी वर्ग के विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा में नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों ने बैसाखी पर्व की महत्ता व बी आर अंबेडकर के जीवन मूल्यों को समझा। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल और अन्य शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

# ब्रिटिश अकादमी में हुआ यूथ 20 चौपाल का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** ब्रिटिश अकादमी मे यूथ 20 इंडिया चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद हरियाणा प्रदेश भाजपा के महामंत्री वेदपाल ने युवाओं को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक ब्रिटिश अकादमी के एमडी राजेंद्र चौधरी एवं भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित दाबडा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रदेश महामंत्री वेदपाल ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा की एवं उन्होंने बताया कि भाजपा को जी-20 की मेजबानी करने का अवसर मिला। उन्होंने जी-20 के बारे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



उन्होंने बताया कि इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका आदि देश शामिल हैं

उन्होंने बताया कि जी-20 मंच का सबसे बड़ा मकसद आर्थिक सहयोग है। इसमें शामिल देशों की कुल जीडीपी दुनियाभर के देशों की 80 फीसदी है। समूह साथ में आर्थिक ढांचे पर तो काम करते ही है। साथ ही आर्थिक स्थिरता, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर भी बातचीत करता है। इसके केंद्र में आर्थिक स्थिति को कैसे स्थिर और बरकरार रखें, होता है।

इसके साथ ही यह मंच विश्व के बदलते हुए परिदृश्य को भी ध्यान में रखता है और इससे जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित करता है। इसमें व्यापार, कृषि, रोजगार, ऊर्जा, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई, आतंकवाद जैसे मुद्दे भी शामिल हैं।

# 'लोगों की जानमाल की सुरक्षा में दमकल विभाग के कर्मचारियों की अहम भूमिका'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **शुक्रवार को** नगरपालिका कार्यालय के प्रांगण में दमकल विभाग द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। विधायक निर्मल चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि व नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत कर शहीद हुए दमकल कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी। विधायक निर्मल चौधरी ने दमकल कर्मचारियों व कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दमकल कर्मचारियों के ऊपर लोगों की जान व माल की सुरक्षा की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि दमकल कर्मचारी अपनी जान पर



खेलकर भी अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करते है। विधायक ने कहा कि इसका जीता जागता उदाहरण 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में माल वाहक जहाज फोर्टस्टीकेन में लगी आग को बुझाने में 66 अग्निशमन जवान शहीद हो गए थे। कार्यक्रम में नपा चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा कि आज हम उन बलिदानियों के सम्मान में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए इकट्ठे हुए है तो आज हम गन्नौर वासियों को भी ये प्रण लेना चाहिए।

### गैंगस्टरों के गुर्गों व पनाहगारों के घरों में जिला पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए जिला पुलिस द्वारा आज एक बड़ी कार्यवाही की गई है। जिला पुलिस द्वारा आज विभिन्न गैंगों के अपराधियों के पनाहगारों, गुर्गों या अन्य किसी तरह से अपराधियों की मदद करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में इन व्यक्तियों के घरों की गहनता से तलाशी ली गई व घर पर मौजूद मिले आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई। जो व्यक्ति घर पर मौजूद नहीं मिले, उनके बारे में सम्पूर्ण जानकारी एकत्र की गई।

# 'समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे बाबा साहेब भीमराव'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर करनाल के अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने डा. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के 80 फीसदी दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. आंबेडकर का जीवन संकल्प था। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। डॉ. भीमराव अंबेडकर जाति से दलित थे। उनकी जाति को अछूत जाति माना जाता था। इसलिए उनका बचपन बहुत ही मुश्किलों में व्यतीत हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर सहित सभी निम्न जाति के लोगों को सामाजिक बहिष्कार, अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था। भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का लक्ष्य सामाजिक असमानता दूर करके दलितों के मानवाधिकार की प्रतिष्ठा करना रहा। इस मौके पर घरौंडा विधायक हरविंदर कल्याण, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ सौदा, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण चेयरमैन निर्मला बैरागी, शमशेर नैन, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, जिला उपाध्यक्ष परवीन लाठर, अमृत जोशी, जिला मीडिया प्रभारी डा् अशोक कुमार, जिला सचिव जोगिंदर वाल्मिकी, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, जसपाल वर्मा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्ण बुक्कल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीनाक्षी भिंडर, रघुमल भट्ट, किसान मोर्चा जिला महामंत्री विनय संधू, अनिता जोशी, कुमार ऋषि, राजिंदर संधू और अनिल नंबरदार सहित अन्य मौजूद रहे।

# एसपी ने अधिकारियों को दिए उचित, प्रभावी कदम उठाने के निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **कैथल रोड पर स्थित** पुलिस लाईन के सभागार में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा व कानून एवं व्यवस्था के मध्यनजर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला पुलिस का कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा यह पहली मीटिंग ली गई। पुलिस लाइन के प्रांगण में पधारने पर सबसे पहले पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई व उनका स्वागत किया गया। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक जिले के तमाम पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, पुलिस चौकी इंचार्ज,



सभी स्पेशल यूनिट इंचार्ज व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के तमाम शाखा इंचार्जों से परिचित हुए। बैठक में इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध न होने देने, अपराध होने की स्थिति में उसे जल्द ट्रेस कर पीड़ित को न्याय दिलाने और असल आरोपी को जल्द से जल्द व सख्त सजा दिलवाने के निर्देश दिए गए। इस अपराध समीक्षा मीटिंग में पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला विरुद्ध अपराध, वाहन चोरी, स्नैचिंग, लूट, डकैती, किडनैपिंग व हत्या करने जैसी गंभीर वारदातों की रोकथाम करने हेतु थाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्जों को उचित व प्रभावी कदम उठाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। इसके साथ ही एसपी ने शिकायतकर्ता की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनकर व पढकर नियम अनुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एनडीपीएस के तहत अपराध व अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने पर भी जोर दिया गया।

मीटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पा खत्री, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकेश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक करनाल-2 गौरव फोगाट, उप पुलिस अधीक्षक शहर बीर सिंह, उप पुलिस घरौंडा मनोज कुमार, सभी थाना प्रबंधक, सभी चौकी इंचार्ज, स्पेशल यूनिट इंचार्ज व सभी शाखा इंचार्ज मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)


समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

# लिटल एंजल्स लॉन टेनिस खिलाड़ी पुष्कर ने जीता स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** 3 अप्रैल 2023 से 8 अप्रैल 2023 तक सोनीपत में आयोजित ऑल इंडिया अंडर- 18 लॉन टेनिस चैंपियनशिप के फाईनल मैच में हरियाणा के हर्ष मलिक से 6-1, 7-6 स्कोर के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुष्कर गहलोत की इस जीत का श्रेय अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रशासन के द्वारा प्रदान की जा रही अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के कारण ही पुष्कर इस उपलब्धि को प्राप्त कर पाया है।



विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने पुष्कर गहलोत को बधाई दी।

### हरियाणा पुलिस अकादमी में मनाया गया राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में आज राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अकादमी की रंगशाला में अकादमी निदेशक डॉ. सीएस राव के निर्देश पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निरीक्षक ओमप्रकाश ने इस दिवस को मनाए जाने की पृष्ठभूमि तथा आग लगने की घटनाओं की रोकथाम के लिए विधिक प्रावधानों तथा निरीक्षक नरेश कुमार ने आग से बचाव के तरीके एवं आग से घायल हुए व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

# बालौर गांव में अंबेडकर भवन में मनाया गया बाबा साहेब का जन्मदिवस

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़ ।** बालौर गांव में अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस शुक्रवार को एस.वी विकर सेक्शन रेजिडेंटल वेलफेयर द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने बाबा साहेब के अनमोल विचारों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप गांव बालौर के सरपंच राजेश यादव ने शिरकत दी। कार्यक्रम का शुभारंभ एस.वी विकर सेक्शन रेजिडेंटल वेलफेयर के चेयरमैन धर्मसिंह नम्बरदार द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। गांव के लोगों ने भी भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में हरीश चंद्र गोठवाल ने बाबा साहब के अनमोल



विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर मानते थे कि अच्छा दिखने के लिए मत जियो, बल्कि अच्छा बनने के लिए जियो। क्योंकि इस दुनिया में महान प्रयासों से प्राप्त किया गया ही बहुमूल्य होता है और कुछ नहीं। इस अवसर पर कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष रतन लाल, यादव महासभा के प्रधान अशोक यादव, संस्था के सेक्रेटरी जगदीश कुमार , हरिश चंद्र गोठवाल ,सतबीर सिंह पूर्व सरपंच ,बीर सिंह पूर्व पंच, बलराम यादव, महिपाल यादव, सतवीर सिंह गोठवाल,दयाकिशन गोठवाल, त्रिलोक गोठवाल, इन्स्पेक्टर मोहन सिंह ,सुनिश गोठवाल, नेतराम गोठवाल , लक्ष्मीनारायण, जयप्रकाश गोठवाल ने बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए देश सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अंबेडकर जयंती पर बाइक रैली और भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वी जयंती के अवसर पर बांकनेर गांव में अंबेडकर कॉलोनी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा विशाल बाइक रैली व भंडारे का आयोजन किया गया।
बाइक रैली को नरेला से पूर्व विधायक चरण सिंह कंडेरा व बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। बाहरी दिल्ली के बांकनेर गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती अंबेडकर कॉलोनी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान विशाल बाइक रैली व भंडारे का आयोजन किया गया।





बाइक रैली को पूर्व विधायक चरण सिंह कंडेरा व बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जय भीम और जय भारत के जय घोष से शहर गूंज उठा। नीले झंडे और तिरंगे के साथ बाइक रैली अंबेडकर कॉलोनी बांकनेर से शुरू होकर लामपुर रोड, सब्जी मंडी, रामदेव चौक हरिश्चंद्र हॉस्पिटल रोड, पुरानी अनाज मंडी, स्वतंत्र नगर से होते हुए बांकनेर में संपन्न हुई। बाइक रैली में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाल कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।
वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जाति व्यवस्था की बुराइयों के खिलाफ एक आंदोलन को बढ़ावा देकर जातिवाद के उन्मूलन के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।
बाइक रैली पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक जयसिंह कंडेरा, अध्यक्ष सिकंदर, मिशन जय भीम दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सिंह बोहत, सिकंदर लोहमड, नवीन पवार, राधेश्याम पवार, भूपेंद्र पवार, चांद सिंह, डॉ. सुनील, मास्टर ओमप्रकाश सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बरवाला गांव में धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** स्वतंत्र पत्र लेखक मंच एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स के सान्निध्य में संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनकी 133वीं जयंती के अवसर पर वत्स ने उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर दयानंद वत्स ने कहा कि डॉ, अंबेडकर समूचे विश्व की धरोहर हैं। उनकी शिक्षाएं और आदर्श आज भी वैश्विक जगत के लिए प्रासांगिक हैं। उन्होने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। उनका यह कथन विश्व के सबसे बडे लोकतांत्रिक देश भारत के संदर्भ में मील का पत्थर



साबित हुआ है। डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा को अंगीकार करने पर सबसे अधिक बल दिया था।
दयानंद वत्स ने कहा कि बाबा साहब के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# शालीमार गांव में मनाई गई बाबा साहब की जयंती





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** संविधान के शिल्पकार, भारतरत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर वार्ड नंबर-55 शालीमार बाग-ए के बूथ नंबर-59 से लेकर 63 तक गोविंद मोहल्ला मार्केट, शालीमार गांव, बूथ नंबर-95 में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव व स्थानीय कार्यकर्ताओं मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही हर्षोल्लास के पर्व वैशाखी के शुभ अवसर पर डीए ब्लॉक निवासियों द्वारा आयोजित भंडारे में जाकर सभी को प्रसाद वितरित कर प्रसाद ग्रहण किया।

## माता मनजीत कौर की अंतिम अरदास 16 अप्रैल को



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशनल** अकाली दल के अध्यक्ष व फैडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा की माता जी का स्वर्गवास 11 अप्रैल 2023 को हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार पंजाबी बाग श्मशान भूमि भी किया गया। जहां पर राजनीतिक, धार्मिक व विभिन्न संस्थाओं प्रमुख लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। माता मनजीत कौर की अंतिम अरदास 16 अप्रैल 2023 को 12:30 पर 1:30 बजे तक गुरद्वारा सिंह सभा सी ब्लॉक मानसरोवर गार्डन में होगी।

# ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने मनाई बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑल** इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती को बड़ी ही धूमधाम से मनाया।
इस मौके पर फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया के अलावा कई कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।
इस अवसर पर अनिल, संजीव कुमार, जगदीश और पूर्व विधायक जय किशन, एससी डिपार्टमेंट दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के चेयरमैन सुनील कुमार, वीरेंद्र पाल, दीपक विनोद सोनवाल के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बाबा



साहब भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस की सबको बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और सभी को बाबा साहब के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

# मल्का गंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मल्का गंज इलाके में मल्का गंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई।
इस मौके पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि हम सभी को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए और गरीब व वंचितों को न्याय दिलवाने में उनकी मदद करनी चाहिए। इस मौके पर



अशोक भसीन, नेत्रपाल आर्य अध्यक्ष मलका गंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर बुजुर्गों में बांटी छड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कठिया वाला बाबा आश्रम के पास बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर भाजपा की पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्या झा, भाजपा युवा नेता साहिल वासन के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर बुजुर्गों में छड़ी व बच्चों में लूडो बांटी गई। इस अवसर पर पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्या झा ने कहा कि हमें अपने अधिकारों को जानना होगा और हमेशा ही सत्य के पथ पर चलना होगा। तो वहीं साहिल वासन ने लोगों को उनके अधिकारों से अवगत कराया और कहा कि अगर आपको किसी भी प्रकार की परेशानी है तो आप लोग हमसे संपर्क कर सकते है।



शकूर बस्ती विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य।

# दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने अम्बेडकर जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की गई। डा.अम्बेडर ने जीवन भर दलितों और पिछड़ों के उत्थान तथा न्याय और समानता के अधिकारों के लिए जो लम्बी लड़ाई लड़ी थी, जिसके कारण भारत जैसे विभिन्न संस्कृतियों और वर्गों वाले देश में सभी लोगों को सामाजिक समानता का अधिकार एक समान प्राप्त है।

# आदर्श नगर विधानसभा में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र में भारत के संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती उनको श्रद्धाजंलि देकर धूमधाम से मनाई गई।
कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि आदर्श नगर विधानसभा के सराय पीपल थला ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव नें कांग्रेस आफिस में प्रेमचंद (नन्हे), सुरेंद्र सैनी व अन्य साथियों के साथ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि दी और बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके पहले वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बाबा साहब अम्बेडकर भवन से



अरविंद कुमार गौतम के नेतृत्व में बाबा साहब अम्बेडकर जयंती मनाई गई व भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए जिसमें पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, वजीरपुर विधानसभा से चुनाव लड़े हरी किशन जिंदल, ब्लाक अध्यक्ष गिरीश जैन, अनिल मिंटू और अन्य साथी शामिल थे।

# हैदरपुर में मनाई गई बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के हैदरपुर इलाके में कांग्रेस नेता उमेश साहू के द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस नेता उमेश साहू ने कहा कि सभी को बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाते हुए पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, चंद्रेश वर्मा, लालू, संजय, सोम, उत्तम सिंह, टिंकू, मोंटू, कुलदीप, ध्रुविका व अन्य।

# बाबा साहब के बताये हुए मार्ग पर चले: हरिशंकर गुप्ता

## वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम का आयोजन वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में किया गया। इस दौरान भव्य रूप में शोभा यात्रा भी निकाली गई। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता के अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष हरिकिशन जिंदल, अरविन्द गौतम व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि सभी को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी को शिक्षा के महत्व को समझना होगा, क्योंकि शिक्षा का का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने अभिभावको से कहा कि सभी अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजको ने पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता का स्वागत भी किया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे।

# 'अंबेडकर ने देश को संविधान देकर बड़ी सौगात दी'

## भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
शहर में 132वीं डा. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। अंबेडकर जयंती संविधान चेतना मंच गन्नौर की ओर से एक भव्य शोभायात्रा शोभायात्रा में विभिन्न संगठनों से लोग जुड़े। डीजे के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भगवान बुद्ध व डॉ. अंबेडकर की कई आकर्षक झांकियां सजाई गई। गन्नौर गांव में भीमराव अंबेडकर चौपाल से शोभायात्रा श्याम प्रकाश किलसन, बबीता किलसन, डा. ओम सिंह, पुनमलता आदि के नेतृत्व में की शुरूआत की गई, जो मदरसे के सामने से, एमसी रोड, रेलवे रोड व गढ़ी केसरी से होते हुए अंबेडकर चौपाल में जय भीम-जय भारत के उद्घोष के साथ शोभायात्रा का



समापन हुआ तथा प्रबुद्धजनों ने सभा स्थल पर विचार रखे। मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शोभायात्रा का रेलवे रोड पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । कादियान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान देकर एक बहुत बड़ी सौगात दी। बाबा साहेब जन्म से ही प्रतिभा संपन्न थे। अंबेडकर एक दलित राजनीतिक नेता और एक समाज सुधारक होने के साथ-साथ भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे। कादियान ने कहा कि उसके जीवन का लक्ष्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना है, इसको लेकर वह काम कर रहा है। श्याम प्रकाश किलसन ने कहा कि देश के अति पिछड़े नागारिकों एवं असहाय लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाना है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा वर्ग नशे की लत का शिकार होने से बचें, खुद को काबिल बनाए। बबीता किलसन ने कहा कि एक अच्छा नागरिक ही समाज को सही दिशा प्रदान कर सकता है। इस अवसर पर श्याम सिंह कलशन, डा. ओमसिंह, पूनमलता, अधिवक्ता जितेंद्र रंगा, मनोज राठी, प्रदीप कुमार, पार्षद अजय सरोहा, टिंकू प्रधान, राकेश, रामफल, बलदेव, इंद्र, ओम आदि मौजूद रहे।

# कविता जैन ने गुरूद्वारा कलगीधर में माथा टेका और प्रबंधक समिति ने सरोपा भेंट किया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, पूर्व** कैबिनेट मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा है कि खालसा साजना दिवस बैशाखी मुगलों के आतंक से डरे-सहमे, दबे-कुचले लोगों में जोश भरकर उन्हें मुगलों के शासन को उखाड़ फैंकने के लिए तैयार करने का दिन है, इस अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए हम गुरू गोबिंद सिंह को याद करते हैं जिन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। कविता जैन ने गुरूद्वारा कलगीधर मॉडल टाऊन में तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन के अवसर पर माथा टेका और प्रबंधक समिति ने सरोपा भेंट किया। उन्होंने कहा कि गुरू के पंज प्यारों में सभी जाति के लोग



शामिल थे। इसलिए जातपात से ऊपर उठकर हिन्दू धर्म की रक्षा की गई और अन्ततः मुगलों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा। उन्होंने बैशाखी की बधाई देते हुए कहा कि इस दिन पकी हुई फसल की कटाई शुरू होने से किसान के साथ साथ हर वर्ग में खुशहाली की शुरूआत होती है। भाजपा नेत्री ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह की मुहिम में महिलाओं को भी अमृतपान पिला करके हर लड़ाई में पुरुषों का साथ दिया। उन्होंने सिखों के इतिहास को सिख धर्म को मानने वालों के साथ साथ अन्य वर्ग के युवाओं के बीच भी पढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे राष्ट्र भक्त बनकर देश के नवनिर्माण में योगदान दे सके।

# भाजपा नेता अमित बिंदल ने मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती

8 डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता थे और उन्होंने दलितों बिछुडो को संविधान में बराबर का हक दिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अमित बिंदल ने आज भारत रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती कार्यकर्ताओं के साथ मनाई। इस अवसर पर अमित बिंदल ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निमार्ता थे और उन्होंने दलितों बिछुडो को संविधान में बराबर का हक दिया। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर दूर दृष्टि वादी और पिछड़ों और दलितों के सच्चे नेता थे हम सभी को उनके



आदर्शों पर चलना चाहिए। अमित बिंदल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल डॉ भीमराव के आदर्शों पर चलकर उनके सपनों को पूरा कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार ने वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए नीतियां बनाकर उनको पूरा हक दे रही है।

## धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
श्री गुरू तेग बहादुर साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व व बैसाखी के शुभ अवसर पर गुरूद्वारा बादशाही बाग में कीर्तन आयोजित किया गया । जिसमें पंथ के महान विद्ववान भाई गुरूदेव सिंह जी पटियाले वाले, भाई मंजीत सिंह जी दिल्ली वाले, भाई प्रभलीन सिंह लुधियाने वाले, भाई मनप्रीत सिंह कथा वाचक अम्बाला वाले, भाई कुलवंत सिंह अम्बाले वाले व भाई हीरा सिंह अम्बाले वालों ने शब्द कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। ये कार्यक्रम रात 7 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। गुरूद्वारा में लंगर अटूट बरताया जाएगा।
बैसाखी के अवसर पर खालसा सृजना दिवस के उपलक्ष्य में आज अम्बाला शहर व छावनी के विभिन्न गुरूद्वारों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# शिक्षित समाज बनाना ही अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलिः देवेन्द्र

## अम्बेडकर जयंती के अवसर पर कालूपुर गाँव की रउ चौपाल व बहालगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आज** संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जन्म जयंती पर कालूपुर गाँववासियों द्वारा रउ चौपाल में एक आयोजन किया गया गया। जिसकी अध्यक्षता जयपाल गाँववासी जयपाल सिंहमार में की। कार्यक्रम में बतौर अथिति बाबासाहेब के विचारों की अनुयायी पार्टी आम आदमी सोनीपत के निवर्तमान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने शिरकत की। ग्रामीणों व देवेन्द्र गौतम ने सर्वप्रथम बाबासाहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए ओर उनके विचारों को याद किया। इस कड़ी में बहालगढ़ स्थित पार्टी कार्यलय पर आम आदमी पार्टी सोनीपत संगठन ने बाबासाहेब को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश सरोहा ने की। बाबा साहेब का सपना सर्व समाज को शिक्षित



करना, साथ रखना ओर समान अधिकार दिलवाने का था। देवेन्द्र गौतम ने कहा की भारत देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि हमें बाबासाहेब ओर भगतसिंह के देश में जन्म लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल जी बाबासाहेब ओर भगतसिंह के भक्त हैं। वो बार-बार इस बात का ज़िक्र करते हैं कि उनका लक्ष्य है बाबासाहेब ओर भगतसिंह के सपने का भारत बनाना है।
देवेन्द्र गौतम ने कहा की ये तभी संभव है जब हम सब मिलकर बाबासाहेब के विचारों का अनुसरण करते हुवे आगे बढे। किसी के भी अधिकारों का हनन ना होने दें। शिक्षा का अधिकार हर एक परिवार को मिले। शिक्षित समाज ही एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है। देवेन्द्र गौतम ने सभी ग्रामवासियों व कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आप सोनीपत के वरिष्ठ नेता महेन्द्र छिक्कारा गन्नौर, रतनलाल ठेकेदार खरखौदा, सरोजबाला राठी, अधिवक्ता राजेश सरोहा राई, नरेंदर हुड्डा, रामबीर, जयपाल सिंहमार के साथ ओमप्रकाश, राजीव कुमार, राकेश कुमार, जगदीश, मँगत राम, करतार सिँह, जितेंद्र, महेन्द्र, करमबीर, संदीप, गौरव, अशोक जगदीश चोपड़ा, करतार सिंह, विनोद सिंहमार, महेंद्र सिंह, विजय सिंहमार, जितु सिंहमार, राकेश कुमार, धर्मवीर सिंह, बलराज पांचाल, धिरे मेहरा, सागर सिंहमार, नफे सिंहमार आदि मौजूद रहे।

# लोगों की समस्या का प्रमुखता से होगा समाधान: कमिश्नर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर की नवनियुक्त नगर निगम कमिशनर अंजू चौधरी ने बताया कि लोगो की समस्याओं का प्रमुखता के आधार पर निपटान किया जाएगा। उन्होंनें कहा कि सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हे सौंपी है उसे बखूबी निभाया जाएगा। उन्होंनें बताया कि उन्हे अम्बाला डीएमसी का भी चार्ज मिला है। जो भी नगर की समस्याएं है उन्हे प्राथमिकता से दूर करेंगें। सरकार की नितियों को जन जन तक पहुंचाएगें। एनडीसी पर बोलते हुए उन्होंनें कहा कि लोगो की इस समस्या को देखा जा रहा है। नियमों के अनुसार कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। यदि कोई कार्य में अड़चन डालेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाएगी। उन्होनें बताया कि एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया जाएगा। जिससे लोगो की छोटी मोटी समस्याओं का उसी स्थान पर समाधान हो सकेगा।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ-2 अस्पृश्यता, जाति आधारित भेदभाव मिटाने, सामाजिक बुराई को मिटाने के लिए संघर्ष करने, गरीबों को शिक्षित बनाने और एकजुट होकर अन्याय, जुल्म के खिलाफ लड़ने का जनून पैदा करने की प्रेरणा देने वाले महापुरुष के रूप में जाने जाते हैं, इसलिए हम भी उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज उत्थान एवं कल्याण के योगदान दे सकते हैं।
ककरोई रोड़ पर अम्बेडकर हॉस्टल, बस अड्डा स्थित भीमराव अंबेडकर चौक,



दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय में तथा पुरखास अड्डे पर लगाये भंडारे में बाबा साहब की 125वीं जयंती के अवसर पर नमन करते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने पुष्पांजलि अर्पित की उन्होंने कहा कि बाबा साहब को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि सामाजिक समरसता कायम करने, गरीबों का सम्मान करने और न्याय व समानता सुनिश्चित करके दी जा सकती है।
राजीव जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने बाबा साहब का उनके जन्म स्थान पर भव्य स्मारक का निर्माण करने तथा हरियाणा सरकार ने सरकारी स्तर पर हर जिले में, पार्टी कार्यकताओं द्वारा बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करके बाबा साहब के विचारों को सर्व समाज तक ले जाने का काम किया है, उन्होंने कहा कि बाबा साहब की पहचान एक कुशल राजनेता के साथ साथ समाज सुधारक की ज्यादा थी।

# विधि विश्वविद्यालय में अम्बेडकर जयंती पर हुआ लेक्चर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**डॉ. बी.आर.** अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत ने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की दृष्टि और भारतीय सुप्रीम कोर्ट की भूमिका विषय पर वेब लेक्चर आयोजित किया। लेक्चर के वक्ता प्रोफेसर योगेश प्रताप सिंह, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, त्रिपुरा व पूर्व उप कुलसचिव ( रिसर्च विभाग) सुप्रीम कोर्ट रहे प्रोफेसर सिंह ने बताया कि डॉ.



अम्बेडकर भारतीय संविधान की संविधान सभा के सदस्य थे जिन्होंने संविधान तैयार किया। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, महिला समानता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के लिए भी संविधान में संशोधन के लिए अपने प्रयास किए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलो का उल्लेख करते हुए बताया डॉक्टर अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सपनों को पूरा करने में सुप्रीम कोर्ट का अहम योगदान रहा है
उन्होंने बताया सामाजिक न्याय, न्याय की एक टहनी है जिससे नैतिकता की अवधारणा को व्युत्पन्न है।

# संत गुरू रविदास सेवा समिति ने मनाई अम्बेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंयिा/गन्नौर**
संत गुरू रविदास सेवा समिति गन्नौर द्वारा रविदास मन्दिर के पास एक निजी पैलेस में डा. भीम राव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम से मनाई। जिसमें बतौर मुख्यातिथि आईआरटीएस पूर्व चीफ कमर्शियल मैनेजर मेहर सिंह चाहलिया, पूर्व आईपीएस सतप्रकाश रंगा ने शिरकत की। चाहलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों, जातियों के युवाओं का मार्ग दर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिन रात मेहनत कर देश हित में कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व आईपीएस सतप्रकाश रंगा ने कहा कि बाब साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनों, संगठित रहो, संघर्ष करो, को भी सदैव जीवन में धारण करो। समिति के प्रधान दयान्नद अहलावत ने सभी अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत किया। दयान्नद अहलावत ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से सबको बराबरी का अधिकार देने का काम किया।

# 'स्वीमिंग एकेडमी खुलने से खिलाड़ियो को मिलेगा आगे बढ़ने का मौका'

## पानीपत में काला आम्ब रोड पर कृषि निदेशक बांगड ने किया स्वीमिंग एकेडमी का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**हरियाणा** के कृषि एवं कल्याण विभाग के निदेशक नरहरि सिंह बांगड़ ने गांव उग्राखेड़ी से काला आम्ब रोड स्थित स्व. बलदेव सिंह स्वीमिंग एकेडमी का बृहस्पतिवार को नारियल तोडकर व रीबन काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर एकेडमी संचालक एवं पानीपत जिला स्वीमिंग एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर मलिक व उनके परिजनों ने नरहरि सिंह बांगड़ का बुके देकर स्वागत किया। वहीं कृषि विभाग के निदेशक नरहरि सिंह बांगड़ ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय व



अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल लाकर हरियाणा का नाम रोशन कर रहे है। यहां पर स्वीमिंग की कोचिंग मिलने से पानीपत व आसपास के युवाओं को खेलों में विशेषकर स्वीमिंग में आगे बढने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विधायक महीपाल ढांडा के भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा, आप के वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा, पंचगामा के प्रधान राजकुमार मलिक, कांग्रेस नेता तेजबीर जागलान, पानीपत सब्जी मंडी के प्रधान रमेश मलिक रिसालु, जजपा के ग्रामीण हलका प्रधान धर्मबीर राठी, उद्योगपति भीम सचदेवा, आप के पूर्व जिला संगठन मंत्री राकेश चुघ,बिटू सरदार, बिंटू मलिक उग्राखेड़ी, एकेडमी निदेशक संदीप मलिक, सोनू जागलान व मीनू दहिया सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# लड़कियां पढ़ेगीं तो कई पीढियां तरक्की करेंगी: अंजना पंवार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**बीआर** अम्बेडकर सेवा समिति एवं डॉ. अम्बेडकर नवनिर्माण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में सविधान निर्माता डॉ.भीम राव आम्बेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता, उपायुक्त वींरेंद्र दहिया, पार्षद अशोक कटारिया व विजय जैन व आयोजन समिति के सदस्यों सहित गणमान्य लोगों ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वहीं अंजना पंवार ने कहा कि शिक्षा तरक्की के द्वार खोलती है। लड़कियों को शिक्षित करना जरूरी है। एक लडकी पढ़ेगी तो कई पीढियां तरक्की करेंगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का वंचित समुदायों को समाज की मुख्य धारा में लाने का मूलमंत्र था। उन्होंने कहा था कि शिक्षित और संगठित होकर संघर्ष करो, जो हमेशा प्रासंगिक रहेगा।
भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने डॉक्टर भीम राव आम्बेडकर के कानून के शासन में विश्वास और लोकतंत्र के लिए सामाजिक और आर्थिक समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। पार्षद अशोक कटारिया ने कहा कि डॉ. भीम राव आम्बेडकर ने महिलाओं के अधिकारों के लिए सघर्ष कर उन्हें अधिकार दिलाए। कार्यक्रम में उपायुक्त वींरेंद्र दहिया का आयोजन समिति के सदस्यों ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर तहसीलदार प्यारे लाल रंगा, महिला थाना प्रभारी सुशीला, समाज कल्याण अधिकारी जयपान सिंह हुड्डा, डॉ. अम्बेडकर नव-निर्माण समिति के अध्यक्ष मनोज जोगी, बीआर अम्बेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष सुरजभान भोरिया, रमेश पुहाल, पार्षद विजय जैन, जिला परिषद् सदस्य पूजा, धर्मवीर कश्यप, रोहतास ढाबड़ा व राधे श्याम के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# हसला सोनीपत ने टीचर ट्रांसफर ड्राइव में बदलाव हेतु दिए सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शिक्षा** विभाग द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में ही एक बार फिर ट्रांसफर ड्राइव चलाने के आदेश दिए गए हैं, जिसे ले कर एम. आई. एस. पर शिक्षकों की प्रोफाइल को अपडेट किए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभाग ने ट्रांसफर ड्राइव को त्रुटि हीन तरीके से चलाने के लिए हसला से सुझाव माँगे हैं, इस विषय में आज भीमराव अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर रोहतक में हसला राज्य प्रधान सतपाल सिंह संधु की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें समस्त कार्यकारिणी ने भाग लिया एवं ज़िलावार सभी ज़िला अध्यक्षों ने टीचर ट्रांसफर पॉलिसी में बदलाव हेतु अपने अपने सुझाव दिए।
गौरतलब है कि, हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा अगस्त 2022 में अध्यापकों के लिए सामान्य ट्रांसफर ड्राइव चलाया गया था जिसमें भारी मात्रा में अनियमितताएँ देखने को मिली थी।



हसला सोनीपत ने उस समय भी उक्त ड्राइव में सुधार हेतु सुझाव दिए थे, जिसे विभाग द्वारा नजरअंदाज किया गया था। नतीजन अगस्त 2022 में चले इस ट्रांसफर ड्राइव का नुकसान न केवल शिक्षकों को झेलना पड़ा बल्कि इसके कारण विद्यार्थियों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। विद्यार्थियों को इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं को बिना अध्यापकों के सहयोग से ही देना पड़ा, क्योंकि अगस्त में चलाए गए ड्राइव में बहुत अधिक संख्या में, शैक्षणिक सत्र के मध्य में आवश्यक विषयों जैसे कि विज्ञान, गणित आदि के पदों को समाप्त कर दिया गया। किसी किसी विद्यालय में जरूरत से ज्यादा अध्यापकों को भेजा गया किसी किसी विद्यालय में आवश्यक विषयों के अध्यापकों के पदों को समाप्त कर उनका तबादला कर दिया गया। जनवरी 2023 में विभाग द्वारा डैप्युटेशन ड्राइव चलाया गया जिससे ज्यादा राहत किसी भी विद्यालय को नहीं मिली एवं विद्यार्थियों की समस्याएँ ज्यों की त्यों बनी रही। भारी संख्या में पदों को समाप्त करने के कारण बहुत से अध्यापकों को अपने गृह ज़िले से बाहर कार्य करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में सोनीपत हसला के ज़िला प्रधान नरेंद्र सहरावत ने सुझाव दिया कि कर्मचारियों के अंकों में उम्र के अंकों के साथ - साथ नौकरी की अवधि के अंकों को भी शामिल किया जाए। इस संबंध में जो भी कर्मचारी मास्टर से प्रवक्ता पद पर पदोन्नत हुए हैं अगर उनकी नौकरी की पूरी अवधि को अंकगणना में शामिल किया जाता है तो जोन पीरियड भी पूरी अवधि के लिए जाएँ । यदि उनकी केवल प्रवक्ता पद की अवधि को अंक आधार माना जाता है तो पदोन्नति से पहले जिन भी जोन में उन्होंने सेवाएँ दी हैं उन जोन पीरियडों को न गिना जाए एवं ट्रांसफर प्रक्रिया में वे जोन भी खोल दिए जाएँ । दंपत्ति कर्मचारियों को दिए जाने वाले अतिरिक्त अंक केवल महिला कर्मचारियों को दिए जाने का प्रावधान है, इसे पुरुष कर्मचारियों पर भी लागू किया जाए। सी॰ आर॰ सी॰ स्तर के सभी विद्यालयों में साईंस स्ट्रीम को जगह दी जाए । उन विद्यालयों में साईंस स्ट्रीम के सभी पद देकर कम से कम तीन साल तक साईंस स्ट्रीम को चालू रखा जाए। नव विवाहिता को कोई भी अतिरिक्त अंक न दिए जाएँ। इसकी बजाए अविवाहित लड़की के लिए पॉलिसी में प्रावधान किया जाए। होम साईंस और फाइन आर्ट्स के पदों को बढ़ाया जाए।

हर्ष, संघर्ष...
प्रगतिशील हिमाचल 75 ऐतिहासिक वर्ष
1948 - 2023

सूचना-सम्पर्क-सेवा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश

# हिमाचल दिवस

## के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को

# हार्दिक शुभकामनायें

1.36 लाख की पुरानी पेंशन - अब हुई बहाल

₹1500 मासिक पेंशन - बढ़ा 2.31 लाख महिलाओं का स्वाभिमान

1,40,000 नए रोज़गार - होंगे युवा सामर्थ्यवान

सुख-आश्रय कोष (₹101 करोड़) - सुनिश्चित हुई निराश्रितों की देखभाल

हिम गंगा योजना ₹500 करोड़ - किसानों की बढ़ेगी आमदनी मिलेंगे उचित दाम

मानदेय बढ़ोतरी से खुश - पैरा वर्कर्ज़ और मनरेगा कामगार




हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे गुणात्मक शिक्षा के लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग संस्थान

सभी मेडिकल कॉलेजों में रोबोटिक सर्जरी का होगा प्रावधान

ई–टैक्सी खरीद के लिए 50% की दर से उपदान


सभी जिला मुख्यालयों में होगा हेलीपोर्ट का निर्माण

हरित ऊर्जा में हिमाचल हो रहा प्रकाशमान

"आलौकिक खूबसूरती और असाधारण वीरता की धरती देवभूमि हिमाचल प्रदेश के "प्रदेश गठन दिवस" पर सभी प्रदेशवासियों को अनंत शुभकामनाएँ।

इस शुभ अवसर पर आइये हम सब मिलकर एक नए दृढ़ इरादे के साथ समृद्ध हिमाचल प्रदेश का सृजन करने में भागीदार बनें।"

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश



सुख की सरकार
हिमाचल सरकार

जारीकर्ता: सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार
www.himachalpr.gov.in HimachalPradeshGovtPRDept diprhimachal dprhp